R.N.I.NO UPHIN/2010/39063



NEET परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं।

हिन्दी दैनिक

# सिन्धु टाइम्स

सिन्ध सदियों से हमारे देश की पहचान है, यह नदी गुज़रे जहां से समझो हिन्दुस्तान है।



वर्ष : 14 अंक : 245 | लखनऊ बुधवार,19 जून 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य – 2 रुपये

3 पानी की किल्लत को लेकर ....
6 भगवान का जन्म लोकमंगल ....
नौकरी व मॉडलिंग भी कर .... 8

## अयोध्या में एक और सियासी मुकाबले के लिये बिछ रही है बिसात

***बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांच में से चार विधानसभा सीटों दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या और बीकापुर में भाजपा को जीत मिली थी। वहीं मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे।***



लखनऊ18 जून (एजेंसी) प्रभु श्री राम की नगरी और अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के हाथों हार का सामना करने वाली भाजपा अपनी शर्मनाक हार का बदला लेने के लिए एक बार फिर समाजवादी पार्टी को अयोध्या अंतर्गत आने वाली मिल्कीपुर विधान सभा के उप चुनाव में पटकनी देने के लिये रणनीति बना रही है। ताकि आम चुनाव में मिली हार के दर्द को कुछ कम किया जा सके। इसके लिये बीजेपी काफी सोच विचार के बाद यहां प्रत्याशी तय करने में लगी है। बता दें मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक अवधेश प्रसाद के सांसद चुने जाने के बाद उनकी यह सीट रिक्त हो गई है, जहां जल्द ही उप–चुनाव होने हैं। वैसे तो चुनाव लड़ने के लिए भाजपा के कई दावेदार सामने आ गए हैं लेकिन अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हो पाया है। दावेदारों में पूर्व विधायक से लेकर जिला पंचायत सदस्य और प्रधान तक शामिल हैं। पासी समाज से सबसे ज्यादा नाम सामने आए हैं। यदि सपा ने भी अपनी इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए पासी समाज से उम्मीदवार उतारा तो बीजेपी किसी अन्य जाति के प्रत्याशी पर विचार कर सकती है।

बता दें उत्तर प्रदेश में अगले कुछ महीनों में विधान सभा के लिये उप चुनाव होने वाले हैं। यह वह सीटें हैं जहां के विधायक सांसद बन चुके हैं। ऐसी 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए हलचल अभी से शुरु हो गई है। वहीं सूबे के जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उसमें फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा की मिल्कीपुर विधानसभा भी शामिल है। फैजाबाद से लोकसभा चुनाव हारने के बाद यह सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। जानकारी के मुताबिक अयोध्या की हार से उबरने के लिए बीजेपी मिल्कीपुर की सीट के लिए अपना ट्रंपकार्ड खेलेगी। यहां से भाजपा प्रत्याशी का नाम चौंकाने वाला हो सकता है। बीजेपी यह सीट किसी भी कीमत पर जीतना चाहेगी है जिससे फैजाबाद में मिली हार को बैंलेस किया जा सक।

गौरतलब हो, अवधेश प्रसाद के फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद निर्वाचित होने के बाद यहां अब उप चुनाव होना तय है। अब निर्वाचन आयोग को उप चुनाव की घोषणा करनी है। इसी के साथ लोकसभा चुनाव में हार का सामना करने वाली भाजपा में इस सीट पर एक बार कब्जा जमाने के मकसद से हलचल शुरू हो गई है। पूर्व विधायक रहे बाबा गोरखनाथ अपनी उम्मीदवारी तय मानकर चल रहे हैं। यह अलग बात है कि पार्टी ने अभी कुछ फाइनल नहीं किया है। वैसे भी गोरखनाथ को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के अवधेश प्रसाद ने 12,923 वोटों से पराजित किया था। इस लोकसभा चुनाव में गोरखनाथ लल्लू सिंह को इस सीट पर नहीं जिता सके। भाजपा को यहां पर 7,733 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। गोरखनाथ वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में 28,076 वोटों से जीतकर पहली बार विधायक चुने गए थे। इस बीच गोरखनाथ के अलावा टिकट के दावेदारों के रूप में जो नाम सामने आए हैं, उनमें पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, नीरज कनौजिया, आरएसएस की पृष्ठभूमि से जुड़े रहे जिला महामंत्री कांशीराम रावत, राधेश्याम त्यागी, चंद्रभानु पासवान, लक्ष्मी रावत और जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी प्रमुख हैं। इसमें से कई पासी समाज से आते हैं। इस समाज से कई दावेदारों के चलते पार्टी के लिए एक नाम का चयन करना थोड़ा मुश्किल होगा। ऐसे में किसी अन्य बिरादरी से जुड़े चेहरे को भी आजमाया जा सकता है। फिलहाल संगठन ने सभी नामों पर विचार करते हुए दावेदारों की जीत और हार की संभावनाओं को खंगालना शुरू कर दिया है। प्रत्याशी के बारे में अंतिम फैसला स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लेगें।बता दें 2022 के विधानसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांच में से चार विधानसभा सीटों दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या और बीकापुर में भाजपा को जीत मिली थी। वहीं मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद जीते थे। यहां तीसरी बार उपचुनाव होगा। 1998 में यहां से सपा के मित्रसेन यादव विधायक थे, जो चुनाव जीतकर सांसद बने थे, 2004 में सपा विधायक आनंदसेन ने विधायकी से इस्तीफा देकर बसपा का दामन थाम लिया था. उपचुनाव में सपा के रामचंद्र यादव विधायक बने. यहां से अवधेश प्रसाद दूसरे ऐसे नेता होंगे जो मिल्कीपुर से लोकसभा जाएंगे।

## जीत के बाद पहले वाराणसी दौरे पर बोले पीएम मोदी

## मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया, मैं यहीं का हो गया हूं

**मोदी ने कहा कि काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है,**



नई दिल्ली 18 जून (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार (18 जून) को लोकसभा चुनाव में दोबारा निर्वाचित होने के बाद अपने पहले दौरे पर वाराणसी पहुंचे और लोगों को संबोधित किया। इसस दौरान मोदी ने कहा कि भारत में 18वीं लोकसभा के लिए हुआ ये चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता को, भारत के लोकतंत्र के सामर्थ्य को, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता को, भारत के लोकतंत्र के जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से, काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है।मोदी ने कहा कि काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुनकर धन्य कर दिया है। अब तो मां गंगा ने भी जैसे मुझे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में देश के लोगों ने जो जनादेश दिया है, वो वाकई अभूतपूर्व है। इस जनादेश ने एक नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे, लेकिन इस बार भारत की जनता ने ये भी करके दिखाया है। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था।उन्होंने कहा कि ये बहुत बड़ी जीत है, ये बहुत बड़ी विजय है और बहुत बड़ा विश्वास है। आपका ये विश्वास मेरी बहुत बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि आपका ये विश्वास मुझे लगातार आपकी सेवा के लिए, देश को नई ऊंचाई पर पहुंचाने के लिए कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा देता है।

## केंद्र सरकार में राज्यमंत्री बने कीर्तिवर्धन सिंह, भाजपा के टिकट पर लगा चुके हैं जीत की हैट्रिक

***गोंडा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले कीर्तिवर्धन सिंह मोदी सरकार में विदेश मंत्रालय के साथ-साथ पर्यावरण, जंगल और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का राज्य मंत्री बनाया गया है। उन्हें बाकायदा पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था।***



नई दिल्ली18 जून (एजेंसी) एनडीए सरकार की नई कैबिनेट में इस बार उत्तर प्रदेश से करीब 9 सांसदों को मंत्री बनाया गया है। जिसमें गोंडा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने वाले कीर्तिवर्धन सिंह का नाम भी शामिल है। कीर्तिवर्धन को विदेश मंत्रालय के साथ–साथ पर्यावरण, जंगल और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय का राज्य मंत्री बनाया गया है। उन्हें बाकायदा पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया था। कीर्तिवर्धन सिंह को प्रधानमंत्री मोदी का बेहद करीबी माना जाता है। 2014 में बीजेपी में शामिल होने के बाद वे लगातार तीसरी बार गोंडा से जीतकर संसद में पहुंचे हैं।कीर्तिवर्धन सिंह का जन्म 1 मार्च 1966 को मनकापुर के राजा आनंद सिंह और रानी वीणा सिंह के घर लखनऊ में हुआ था। उनकी शैक्षणिक योग्यता में एम.एससी. शामिल हैं (भूविज्ञान) और उन्होंने अपनी शिक्षा लखनऊ विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उनकी शादी 16 नवंबर 2002 को कुंवारानी मधुश्री सिंह से हुई। 1999 में 13वें लोकसभा चुनाव में फिर सपा के टिकट पर कीर्ति वर्धन सिंह फिर चुनावी मैदान में उतरे, लेकिन इस बार प्रतिद्वंद्वी बृजभूषण सिंह से शिकस्त झेलनी पड़ी। हालांकि 2004 में दमदार वापसी करते हुए बीजेपी के श्याम शुक्ला को चुनाव में हरा दिया। हालांकि, 2009 के चुनाव में कांग्रेस के बेनी प्रसाद ने उन्हें हरा दिया। इसके बाद कीर्ति वर्धन सिंह ने 2014 में बीजेपी का दामन थाम लिया और 2014 का चुनाव बीजेपी के टिकट पर लड़ते हुए सपा प्रत्याशी नंदिता शुक्ला को डेढ़ लाख से भी अधिक वोटों से हराया। फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत का फिर से परचम लहराया और सपा के विनोद कुमार उर्फ घ्पंडित सिंह को करारी शिकस्त दी। कीर्ति वर्धन सिंह ने 201 4 में समाजवादी पार्टी से बगावती रुख अख्तियार करते हुए बीजेपी का दामन थाम लिया था। इससे पहले कीर्ति वर्धन सिंह सपा के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत हासिल कर संसद तक पहुंचे। कीर्ति वर्धन सिंह ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से एमएससी की है। कीर्ति वर्धन सिंह ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर 1998 में चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की है। इस सीट पर उनके सामने बीजेपी के बृजभूषण शरण सिंह थे, लेकिन उन्हें चुनाव में बुरी तरह से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

## असम में बाढ़ से बिगड़ रहे हालात! 1 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

असम 18 जून (एजेंसी) असम में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई और आठ जिलों में 1.05 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में आ गए। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, बक्सा, बारपेटा, दरांग, धेमाजी, गोलपारा, करीमगंज, नागांव और नलबाड़ी जिलों में बाढ़ के कारण 1,05,700 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इसमें कहा गया है कि करीमगंज सबसे बुरी तरह प्रभावित है, जहां 95,300 से अधिक लोग पीड़ित हैं, इसके बाद नागांव है जहां लगभग 5,000 लोग प्रभावित हुए हैं और धेमाजी में 3,600 से अधिक लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। रविवार तक, राज्य के केवल चार जिलों में लगभग 6,000 लोग बाढ़ के पानी से पीड़ित थे। इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 34 है। प्रशासन एक जिले में 11 राहत शिविर चला रहा है, जहां 3,168 लोगों ने शरण ली है, और एक जिले में तीन राहत वितरण केंद्र चला रहा है। प्राधिकरण ने पिछले 24 घंटे के दौरान बाढ़ पीड़ितों के बीच 21.5 क्विंटल चावल, 3.81 क्विंटल दाल, 1.14 क्विंटल नमक और 114 लीटर सरसों तेल वितरित किया है। एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में, 309 गांव पानी में डूबे हुए हैं और राज्य भर में 1,005.7 हेक्टेयर फसल क्षेत्र क्षतिग्रस्त हो गया

## गांधी परिवार ने दामाद को इंकार कर बेटी प्रियंका को थमाया लोकसभा चुनाव का टिकट, राड़ा ने दी प्रतिक्रिया



नई दिल्ली 18 जून (एजेंसी) जबसे प्रियंका गांधी वाड्रा के वायनाड से लोकसभा उपचुनाव लड़ने का ऐलान किया गया है तबसे उनके पति रॉबर्ट वाड्रा बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं। वैसे रॉबर्ट वाड्रा की खुद की नजर भी अमेठी संसदीय सीट पर थी लेकिन गांधी परिवार ने अपनी पारम्परिक सीट दामाद को नहीं देकर परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को दे दी। रॉबर्ट वाड्रा को हालांकि इस बात का मलाल नहीं है कि उन्हें अमेठी से उम्मीदवार नहीं बनाया गया। उनका कहना है कि अभी इस बात की खुशी है कि पार्टी ने प्रियंका को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि जब भी मुझसे राजनीति में आने पर सवाल किया गया तब मैंने हमेशा कहा है कि प्रियंका गांधी के संसद में आने के बाद मैं सक्रिय राजनीति में आ सकता हूं। हम आपको याद दिला दें कि जब रॉबर्ट वाड्रा ने अमेठी से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी तब उनके समर्थन में पूरे इलाके में पोस्टर भी लगा दिये गये थे लेकिन अंततः बाजी किशोरी लाल शर्मा ने मार ली थी। रॉबर्ट जिस तरह अब भी अपने राजनीतिक कॅरियर के प्रति आशान्वित नजर आ रहे हैं उससे ऐसा लगता है कि उन्हें यकीन है कि अगले चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम भी आ जायेगा।जहां तक प्रियंका गांधी वाड्रा की बात है तो इसमें कोई दो राय नहीं कि उनके चुनावी राजनीति में पदार्पण के साथ ही भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। दरअसल, पिछले दस सालों में यह देखने को मिला है कि संसद के भीतर और बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने में राहुल गांधी सफल नहीं हो पाये। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावों के दौरान मोदी के हर वार पर शानदार तरीके से पलटवार किया है। हालिया चुनावों में भी प्रधानमंत्री मोदी के ष्सोने और मंगलसूत्रष तथा अन्य बयानों पर पलटवार केअलावा प्रियंका ने मतदाताओं को याद दिलाया था कि कैसे उनके परिवार ने देश के लिए कुर्बानी दी। इसके अलावा उनके अधिकांश भाषण भीड़ से संवाद करने जैसे होते हैं जोकि जनता से जुड़ाव स्थापित करते हैं।बहरहाल, संसद में मोदी–राहुल की राजनीतिक भिड़ंत तो लोग कई बार देख चुके हैं इसलिए सबकी नजरें मोदी–प्रियंका के बीच होने वाले राजनीतिक मुकाबले पर टिकी रहेंगी। राहुल गांधी को तो विश्वास भी है कि उनकी बहन मोदी को हरा सकती हैं। हाल ही में उन्होंने कहा भी था कि यदि प्रियंका वाराणसी से लड़ जातीं तो प्रधानमंत्री दो–तीन लाख वोटों से हार जाते।

## सब इंस्पेक्टर से लेकर मंत्री बनने तक दिलचस्प रहा है एसपी सिंह बघेल का राजनीतिक सफर

नई दिल्ली 18 जून (एजेंसी) मोदी 3.0 की कैबिनेट में आगरा लोकसभा सीट से संसद में पहुँचे एसपी



सिंह बघेल को एक बार जगह दी गई है। उन्हें मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी उद्योग के साथ–साथ पंचायती राज मंत्रालय का राज्यमंत्री बनाया गया है। एसपी सिंह बघेल की राजनीतिक कहानी बड़ी रोचक और रोमाचंक है। उत्तर प्रदेश पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर के रूप में तैनात रहे प्रो. एसपी सिंह बघेल आज राजनीति जगत में बड़ा नाम है। यूपी पुलिस में रहते हुये, उन्हें मुलायम सिंह यादव की सुरक्षा करने का मौका मिला, बस यहीं से उनकी किस्मत बदलना शुरू हो गई।प्रो एसपी सष्हि बघेल का पूरा नाम सत्ष्य पाल सिंह बघेल है। उनका जन्म 21ष् जून 1960 को इटावा जष्लिा में हुआ है। उनके पष्ता का नाम रामभरोसे सष्हि और मां का नाम रामश्री सष्हि देवी था। सामान्ष्य परष्विार से संबंध रखने वाले एसपी सष्हि बघेल शष्क्षिा ग्रहण करने के बाद 1980 के दशक में यूपी पुलिष्स में भर्ती हो गए। इसके बाद वह तत्ष्कालीन मुख्ष्यमंत्री एनडी तष्विारी की सुरक्षा में रहे, वहीं 1989 में जब मुलायम सिंह मुख्ष्यमंत्री बने तो बघेल को उनकी सुरक्षा की जष्म्मिेदारी मष्लिी।उन्होंने मुरादाबाद में सब इंस्पेक्टर की ट्रेनिंग ली।

## किसानों को शीघ्र दिए जाएं आबादी के 07 प्रतिशत विकसित भूखंडः धीरेन्द्र सिंह

**जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक एवं अवस्थापना, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को भी एक पत्र प्रेषित करते हुए कहा कि आखिर ऐसी भी क्या मजबूरी है कि 15 वर्ष बाद भी प्राधिकरण, किसानों को आबादी के 7 प्रतिशत विकसित भूखंड नही दे पाई है, जो किसानों के बच्चों के जीवन यापन का जरिया बन सकते थे।**



नई दिल्ली 18 जून (एजेंसी) जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मुलाकात कर, रबूपुरा व अनेकों ग्रामों के किसानों के आबादी के 07 प्रतिशत विकसित भूखंड न दिए जाने पर खेद व्यक्त किया। इस संबंध में जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को एक पत्र भी प्रेषित किया।इस संबंध में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुण वीर सिंह जी को भेजे गए पत्र का मजमून इस प्रकार है–सन् 2009 में, मेरा लडका 10 वर्ष का था और आज वह 25 साल का होने जा रहा है, क्योंकि वह किसान का बेटा है, इसलिए उसे उम्मीद थी कि प्राधिकरण द्वारा सन् 2009 में अधिग्रहित की गयी भूमि के सापेक्ष मिलने वाले 07 प्रतिशत विकसित भूखंड पर अपने जीवन यापन से संबंधित कोई कार्य कर लेगा, लेकिन 15 साल से भी ज्यादा होने के पश्चात प्राधिकरण द्वारा अभी तक रबूपुरा व अनेकों ग्रामों के उपरोक्त विकसित भूखंड किसानों को नही दिए गए हैं, जबकि जो जमीनें सन् 2014 में अधिग्रहित की गयी थी, वहां सैक्टर 28, 29, 32 व 33 आदि बना लिए गए है, जिन पर कई फैक्ट्रियां शुरू भी हो चुकी हैं। मेरे कहने का तात्पर्य आप समझ ही गए होंगे, जिन किसानों से जमीनें लेकर, इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को तेजी से बढाया गया तथा अनेकों फैक्ट्रियां शुरू हो चुकी हैं, लेकिन जिसकी जमीन पर, वह फैक्ट्रियां शुरू हुई हैं, वह किसान और उसके बच्चे, आज भी इस आशा से प्राधिकरण की ओर निहार रहे हैं कि हम भी इस औद्योगिक विकास की गति के साथ कदम ताल करते हुए, अपने जीवन यापन का कोई जरिया बना पाएंगे।आखिर प्राधिकरण के समक्ष, ऐसी कौन सी मजबूरी है जो 15 वर्ष बाद भी अनेकों ग्रामों के किसानों को, इस लाभ से महरूम रखा गया, वह कारण अगर मैं, जान पाऊँ तो, हो सकता है कि भविष्य में इस अनावश्यक विलंब से बचा जा सकता है। मुझे यह भी पता है कि प्राधिकरण की तरफ से इसका जबाव आएगा कि शीघ्र ही हम विकसित आबादी भूखंड वितरित करने जा रहे हैं। लेकिन विषय यह नही है, विषय यह है कि बाद मेंअधिग्रहित की गयी जमीन पर उद्योग धंधे चालू हो सकते हैं ।

## राहुल ने पीएम मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल, कहा- पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं भाजपा शासित राज्य

नई दिल्ली 18 जून (एजेंसी) कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को छम्म्ज–न्ळ 2024 परीक्षा में कथित



अनियमितताओं पर ष्चुप रहनेष के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। राहुल गांधी का प्रधानमंत्री पर ताजा हमला सुप्रीम कोर्ट द्वारा केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की खिंचाई करने के तुरंत बाद आया है, जिसमें कहा गया है कि भले ही एनईईटी– यूजी 2024 परीक्षा के संचालन में किसी की ओर से ष्0.001 प्रतिशत लापरवाहीष हुई हो, इसे पूरी तरह से निपटाया जाना चाहिए।राहुल गांधी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि छम्म्ज परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेंद्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं।

# पानी की किल्लत को लेकर हर घर नल योजना लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

## -पानी के लिए लगातार तरस रही खैरटिया की जनता



ओबरा (एजेंसी)। बिल्ली मारकुंडी टोला खैरटिया ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष शिवदत्त दुबे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री हर घर नल योजना लागू करने के लिए ग्रामीणों द्वारा प्रदर्शन करते हुए मांग की गई। शिवदत्त दुबे ने बताया कि आजादी के 77 वर्षों के बाद भी बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत का एक बड़ा हिस्सा खैरटिया गांव शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहा है ग्राम सभा बिल्ली मारकुंडी के सबसे बड़े टोला खैरटिया, बाड़ी , बगमनवा, एवं बिल्ली आंशिक जैसे टोला पेय जल संकट से जूझ रहे हैं खैरटिया की आबादी करीब 15 हजार के पास है लेकिन अब तक भूमिगत जल या टैंकर जल पर निर्भर है रेणुका नदी के किनारे बसे होने के कारण खैरटीया में बोरिंग भी सफल नहीं है यहां के भूमिगत जल में फ्लोराइड और आर्सेनिक की अधिक मात्रा के कारण भूमिगत जल अत्यंत खतरनाक है। महेश अग्रहरी ने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा हर घर नल योजना के तहत 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से पानी की सुविधा मुहैया कराने का लक्ष्य है लेकिन इस योजना में खैरटिया सहित अन्य टोलों को नहीं जोड़ा गया ग्रामीणों ने मांग किया है कि तत्काल सर्वे करा कर चालू वर्ष में खैरटीया सहित सभी टोला में हर घर नल योजना का लाभ दिया जाए। हर घर नल योजना तहत शुद्ध पेयजल न मिलने तक ग्रामीण शांत नहीं बैठेंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से महेश अग्रहरी ,शिवनाथ जायसवाल, फूलचंद धर्मजीत मनीष, शेरू चेरो, संगीता भारती, संत कुमार ,विकास भारती ,उमेश शुक्ला ,सतीश तिवारी, संतोष गुप्ता, मंगरु गुप्ता, किरण देवी ,सत्यम जायसवाल , अखिलेश जायसवाल,इंद्रदेव जायसवाल, फूलचंद जायसवाल,सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं मौजूद रहे।

# जरहा वन रेंज में बेलगाम हुआ जंगल से कीमती पेड़ों का कटान और नदियों से बालू खनन



बीजपुर (सोनभद्र) (एजेंसी) जरहा वनरेंज क्षेत्र के जंगलों से कीमती पेड़ों का कटान बदस्तूर जारी है तो नदियों से बालू खनन बेलगाम हो गया है। ताजा मामला लीलाडेवा बीट के महुली कम्पार्टमेंट सेक्शन नम्बर एक और दो से लकड़ी माफिया चालीस से अधिक कत्था और बेश कीमती पेड़ दो दिन पहले काट कर उठा ले गए। मामले की जानकारी शुक्रवार को तब हुई जब वन कर्मियों का एक दल जंगल मे गया तो मौके की हालत देख हैरान रह गया। वन कर्मियों ने कटे पेड़ों का फोटो और वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर अपने विभाग से ही सवाल पूछने लगे। बताया गया कि उक्त जंगल के क्षेत्रीय वन दरोगा श्यामलाल सत्येंद्र सिंह वीरेंद्र चौबे बीट वाचर मोतीचंद को जब इसकी जानकारी हुई तो जंगल की सुरक्षा में तैनात बन कर्मियों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। इधर ग्रामीणों का आरोप है कि जरहा के आजीर नदी पिण्डारी के बिच्छी नदी महरिकला खम्हरिया सिरसोती के रिहन्द डैम के अलावा बघाडू मोखना डुमरचुआ डिघुल महुली जलजलिया बरन नदी ठुरुककी नदी सहित तीन दर्जन स्थानों पर रास्ता बना कर अबैध बालू खनन और परिवहन बदस्तूर जारी है।ग्रामीणों की माने तो ट्रैक्टर और टीपर के गड़गड़ाहट की शोर से लोगों की रात में नीद हराम हो गयी है। बताया जाता है कि वर्तमान समय मे अबैध खनन कर बरसात के लिए खनन माफिया स्टॉक बनाने में लगे हुए हैं। रेंजर जरहा राजेश सिंह से खनन को लेकर पूछे गए सवाल पर बोले कि आज से खनन बन्द करा दिया गया है वनकर्मियों को सख्ती बरतने का निर्देश दिया गया है।अबैध जंगल कटान को लेकर रेंजर ने कहा कि कुछ लोग अपने घर मे लगाने के लिए जंगल से पेड़ काटे हैं मामले में जांच बाद सम्बन्धितों पर विभागीय कार्रवाई की गयी है।

# बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नपं ने शुरू कराई नाली-नालों की साफ सफाई



चोपन (एजेंसी)। बारिश का मौसम शुरू होने से पहले नगर में स्थित नाली एवं नालों की साफ सफाई का कार्य नगर पंचायत ने शुरू कर दिया है जिससे बारिश होने पर कस्बे में नाले चोक होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।बारिश के मौसम में जलाराव न हो इसे लेकर नगर पंचायत ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी के तहत नालों की सफाई का काम तेजी से हो रहा है। वहीं सफाई नायकों को निर्देश दिया गया है कि किसी भी सुरत में नालों में कचरा जमा न होने दें। जो भी नालों में कचरा फेंके, उन्हें चिह्नित कर नोटिस दिया जाए। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से दावे किए जा रहे है कि पूरे नगर में सफाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। बरसात के पहले सफाई का काम पूरा कर लिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली का कहना है कि बारिश में जल जमाव की स्थिति न हो, उसके लिए सफाई अभियान चलाकर नाले–नालियों की सफाई कराई जा रही है जिससे बारिश के दौरान नाले ओवरफ्लो न हो। अधिशासी अधिकारी लल्लन राम यादव का कहना है कि नाला सफाई की टीम बना दी गई है। जो अपने अपने क्षेत्रों में सफाई के अलावा नालों की सफाई का काम भी विशेष रुप से देख रही है। हालांकि कुछ लोग अभी भी नालों में कचरा व गंदगी फेंक रहे है, ऐसे लोगों को चिह्नित करने को कहा गया है। सफाई निरीक्षक मनोज शुक्ला का कहना है कि रोस्टर बनाकर सफाई कराई जा रही है। वे स्वयं नियमित सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। लापरवाही पर कार्रवाई की जा जायेगी।

# ब्रांच पोस्ट मास्टर की भर्ती में फर्जीवाड़ा उजागर

चित्रकूट (एजेंसी)। भारतीय डाक विभाग के एक वर्ष पहले ब्रांच पोस्ट मास्टर की भर्ती प्रक्रिया में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इनमें कई जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी हासिल कर ली थी। जाँच में फिलहाल दो दर्जन मामले सामने आए। जिनकी सेवा समाप्ति की तैयारी है। अब तक एक दर्जन ब्रांच पोस्ट मास्टर की सेवाएं समाप्त कर उनसे वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। भर्ती प्रक्रिया में इतना बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर होने से विभाग में अफरा तफरी का आलम है। इस मामले में चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के डाक अधीक्षक गयूर खान ने कहा कि ब्रांच पोस्ट मास्टर फर्जीवाड़ा मामले में अभी कार्यवाही चल रही है। भारतीय डाक विभाग ने वर्ष 2023 में ब्रांच पोस्ट मास्टर की भर्ती निकाली थी। इसमें मैरिट के आधार पर नियुक्ति दी गई थी। नौकरी पाने वालों को मण्डल के महोबा, हमीरपुर, बाँदा व चित्रकूट के डाक घर व उप डाक घर में तैनात कर दिया गया था। नौकरी पाने के बाद यह ब्रांच पोस्ट मास्टर सैलरी भी लेते रहे। इसी दौरान डाक विभाग को इस भर्ती में गोलमाल की शिकायत मिली। जिसके बाद जाँच शुरू हो गई। नवनियुक्त ब्रांच पोस्ट मास्टर के प्रपत्रों का सत्यापन किया गया तो कई की मार्कशीट जाली पाई गई। इसके बाद भारतीय डाक विभाग हरकत में आ गया और आनन फानन में शिकायत निरीक्षक को कार्यवाही की जिम्मेदारी सौंपी। सूत्रों के अनुसार फर्जी तरीके से नौकरी हथियाने वाले एक दर्जन से अधिक पोस्ट मास्टर की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनमें हमीरपुर में 7, महोबा जनपद के 8 व चित्रकूट के 3 ब्रांच पोस्ट मास्टर शामिल है।'

# बुखार, पेटदर्द से दो वृद्ध, एक महिला की गई जान

चित्रकूट (एजेंसी)। गर्मी के चलते जिला अस्पताल में बुखार, पेटदर्द व डायरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बुखार व पेट दर्द के चलते तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस को बताए बिना परिजन शव को अपने घर ले गए। रविवार को नौ मरीज भर्ती हुए। रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी निवासी रामनिरंजन (80) को बुखार व पेटदर्द के चलते परिजन जिला अस्पताल ला रहे थे। जहां पर रास्ते में उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में डाक्टर ने मौत की पुष्टि की। कर्वी कोतवाली अंतर्गत खरौंध के बडातीर निवासी रामनारायण (85) को पुत्र शिवकुमार ने बुखार व पेटदर्द के चलते जिला अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में मौत हो गई। जिला अस्पताल में डाक्टर ने इसकी पुष्टि की। कर्वी कोतवाली अंतर्गत ट्रैफिक चौराहा निवासी अनिल जायसवाल (58) को रविवार की सुबह बुखार व पेटदर्द के चलते पत्नी संगीता देवी जिला अस्पताल ले जा रही थीं। रास्ते में उनकी मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल में डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। अलग–अलग जगह पांच लोगों की हालत खराब होने पर जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। घटना से परिजनों में शोक छा गया।कोतवाली कर्वी अंतर्गत लक्ष्मणपुरी निवासी बड़े भाई रमेश चंद्र वाल्मीकि ने बताया कि राजा (30) नगर पालिका परिषद कर्वी में सफाई कर्मी था। ड्यूटी कलक्ट्रेट में लगी थी। शनिवार की दोपहर को वह ड्यूटी कर वापस घर आया। अचानक उसकी तबियत खराब होने लगी तो परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लू लगने की वजह से उसकी मौत हुई है। मृतक तीन भाईयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था। पत्नी सीमा देवी की पहले ही मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद लेखपाल महेंद्र सिंह व मुंशी तीरथ प्रसाद आए थे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले के माधवपुरा निवासी जगदीश (50) धर्मनगरी आए थे। रविवार की सुबह रोडवेज बस स्टैंड बेड़ी पुलिया के पास अचानक तबियत बिगडने लगी और बेहोश होकर गिर पड़े। अन्य यात्रियों ने एंबुलेंस को फोन किया। 108 एंबुलेंस के पायलट अनिरुद्ध सिंह ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। भरतकूप थाना क्षेत्र के गोंडा निवासी नाती मुकेश रैदास ने बताया कि बाबा बचौना (70) ट्रक चालक हैं। रविवार की दोपहर को वह भरतकूप कस्बे में अचानक तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़े। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि बाबा की लू लगने से हालत खराब हो गई थी।

## पुलिस गिरफ्त में लूट के आरोपी

चित्रकूट (एजेंसी)। कोतवाली कर्वी पुलिस ने लूट की घटना का तीन घंटे के अन्दर अनावरण करते हुए दो आरोपियों को आठ हजार रुपए के साथ गिरफ्तार किया है।

बताया गया कि ग्राम गढ़ीवा निवासी चुनकाई यादव पुत्र शिवराज यादव ने 15 जून को कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि सुबह ट्रैफिक चौराहे के पास पर्स से रुपए निकाल कर गिन रहा था। यह रुपया बेड़ीपुलिया स्थित ई रिक्शा कंपनी में लोन की किश्त जमा करने के लिए जा रहा था।

# संक्षिप्त खबरें

## एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

मऊ(एजेंसी)। जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा रविवार को नारी सुरक्षाध्नारी सम्मानध्नारी स्वावलंबनध्महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओंध्बालिकाओंध्छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी–112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओंध्बालिकाओंध्छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं, महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करनेध्शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

## शारदा नारायन हास्पिटल ने सभी केंद्रों पर लगाए शिविर, 756 की हुई जांच



मऊ(एजेंसी)। शारदा नारायण हॉस्पिटल ऑफ ग्रुप के संस्थापक, समाजसेवी इंजिनियर जगतनारायण सिंह की स्मृति में फादर्स डे पर शारदा नारायन हास्पिटल, जननायक चंद्रशेखर हास्पिटल, जगत नारायन हास्पिटल सहित सभी अस्पतालों में निःशुल्क शिविर लगाकर 756 लोगों के ब्लडप्रेशर, शुगर की जांच की निःशुल्क जांचकर दवाओं का वितरण किया। इस अवसर पर चेयरमैन, डायरेक्टर डॉ संजय सिंह जी ने कहा की आज शारदा नारायण हॉस्पिटल के रूप में स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिन लोगों की सेवा हो रही है, उसके प्रेरणा पुरुष मेरे पिताजी ही हैं। उनके सपने को पूरा करने के लिए शारदा नारायण ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के माध्यम से आम जनजीवन और समाज के सबसे निचले तपके के लोगों को भी आयुष्मान योजना से लाभागवित किया जा रहा है। फादर्स डे पर उनकी स्मृतियों को याद करते हुए गरीबों को लेकर उनके मन में जो भाव था उस भाव की प्रतिपूर्ति के लिए सभी स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। शारदा नारायन हास्पिटल सबके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी जगत नारायन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आरंभ हुआ। इस अवसर पर डॉ एकिका सिंह, डॉ सुजीत सिंह, डॉ मधुलिका सिंह, प्रशासनिक निदेशक अरुण कुमार सिंह, गुणवत्ता प्रबंधक सुष्मिता सिंह आदि सभी उपस्थित रहे।

## कानून की जानकारी देते एसपी

चित्रकूट (एजेंसी)। पुलिस महानिदेशक के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नये कानून की कार्यशाला हुई। जिसमें विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों, शासकीय अधिवक्ताओं ने थाना, कार्यालयों के निरीक्षकों, उपनिरीक्षकों, दीवान, मुंशियों एवं सीसीटीएनएस का कार्य देख रहे पुलिस कर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रो एमपी तिवारी, प्रो शिवशंकर सिंह, प्रो डा. पूर्णेंदू मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकान्त, बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सिद्धार्थ सिंह आदि मौजूद रहे।

## 53.21 करोड़ के व्यय प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

चित्रकूट (एजेंसी)। नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी की बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें पिछले वर्ष के आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष में 53.21 करोड़ रुपये के व्यय प्रस्ताव को पास किया गया। जिससे नगर के विकास कार्यों के साथ कर्मचारियों को मानदेय भी शामिल है।नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि विशेष बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 की अनुमानित आय 53.92 करोड़ और अनुमानित व्यय 53.12 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023–24 की मूल आय 38.65 करोड़ रुपये व व्यय 33.97 करोड़ रुपये की बोर्ड में सर्वसम्मति से पास किया गया। सदस्यों ने आय व्यय पर चर्चा की। इस मौके पर ईओ लालजी यादव, अनुज निगम, शैलेंद्र सोनी, शंकर यादव, शुभम केशरवानी, विनीत पयासी, अरुण कुमार त्रिपाठी, पूजा विश्वकर्मा, मो. लतीफ, बालूराम निषाद आदि मौजूद रहे।

## पानी लेने गई किशोरी से मारपीट

चित्रकूट (एजेंसी)। बालापुर खालसा निवासी रामहित ने बताया कि 13 वर्षीय पुत्री रुचि पानी लेने के लिए हैंडपंप गई थी। जहां देवेंद्र ने पानी भरने से मना करते हुए गाली देने लगा। कहा कि यह उनका हैंडपंप है। पुत्री ने गाली देने से मना किया तो मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चला गया। कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## सर्प के काटने से महिला समेत युवक की मौत

चित्रकूट (एजेंसी)। पहाड़ी थाना क्षेत्र के कादरगंज निवासी ससुर शिवसुख लाल ने बताया कि बहू पूर्णिमा (25) शनिवार की दोपहर को घर में काम कर रही थी। तभी सर्प ने काट लिया। परिजन झाड़ फूंक के लिए गांव में ओझा के पास ले गए, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ तो जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में शोक छा गया। मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है। पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। इसके अलावा भरतकूप थाना क्षेत्र के बंदरी निवासी रज्जू (38) अपने कच्चे मकान का खपैरल दुरुस्त कर रहा था। वहीं पर सर्प ने काट लिया।

# एनसीएल में हुआ वच्छता पखवाड़ा-2024 का आगाज

सोनभद्र (एजेंसी)। रविवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कोयला मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशन में 'स्वच्छता पखवाड़ा–2024' का आगाज हुआ।

इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, सीएमओएआई प्रतिनिधि, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वच्छता के प्रति सजग रहते हुए स्वच्छता को समय देने, हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने , गंदगी न करने एवं न किसी और को करने देने का संकल्प लिया। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में 16 से 30 जून, 2024 तक वृहद स्तर पर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाएगा ।

स्वच्छता पखवाड़ा– 2024 के दौरान एनसीएल में स्वच्छता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एकल प्लास्टिक की रोकथाम, जूट बैग का वितरण, प्लास्टिक फ्री जोन बनाने हेतु प्रयास, स्वच्छता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता रैलीयों का आयोजन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट जागरूकता, कचरा प्रबंधन, चिकित्सालय एवं आस–पास के क्षेत्र और कार्यालय एवं आवासीय परिसर की साफ सफाई एवं जागरूकता, वाटर टैंकस की साफ सफाई, स्वच्छता संबंधी विषयों पर निबंध लेखन , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पौधरोपण आदि का आयोजन किया जाएगा।

## जल जीवन मिशन के खिलाफ सपाइयों का प्रदर्शन

सोनभद्र (एजेंसी)। रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जल निगम द्वारा पाइप लाइन डाले जाने के नाम पर पाइप तो डाल दिया लेकिन सर्विस लेन सड़क को जर्जर हालत मे छोड़ दिया जबकि उस रोड मार्ग पर जिला अस्पताल, विद्यालय है। एम्बुलेंस से गर्भवती माता बहन भी,आती है कई मरीज बीमार स्थिति मे आते है अगर 4 दिन बाद बरसात हो गया तो लोगों का आना जाना दुर्भर हो जायेगा। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि इसी रोड से जिलाधिकारी जिला जज का आना–जाना है। कुछ दिन बाद विद्यालय खुल जायेगा लेकिन शासन प्रशासन बेसुध, गायब है। प्रमोद यादव ने कहा की जनता की मूलभूत समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन को इसे गंभीरता पूर्वक लेना चाहिये नहीं तो समाजवादी पार्टी बड़ा आंदोलन करेंगा इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पूर्व नगर सचिव मनीष त्रिपाठी, मुन्ना कुशवाहा ने कहा कि जनहित जैसे मुद्दे पर यहां के विधायक भी मौन है जबकि बड़ी घटना हो सकती है प्रदर्शन मे मुख्य रूप से गोपाल गुप्ता, नौशाद, राकेश कुमार,जितेंद्र कुमार, सतीश केसरी और व्यापारी वर्ग उपस्थित रहे।

## अभापा की बैठक सम्पन्न

सोनभद्र (एजेंसी)। पाल सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में अखिल भारतीय पाल सभा की बैठक राबर्ट्सगंज` स्थित होटल साहिल पैलेस में पाल महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष पाल के नेतृत्व में की गई जिसमें सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग करके नई कमेटी का चयन किया गया। अखिल भारतीय पाल महासभा के जिला अध्यक्ष के रुप में रामसेवक पाल पूर्व प्रधान पटना को बनाया गया तथा महामंत्री के रुप में कृष्ण कुमार पाल पूर्व प्रधान विसुंदरी को सर्व सम्मति से चुने गये। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बहादुर पाल, पूर्व जिला महामंत्री शेषधर पाल, करण पाल, राजू पाल, शैलेंद्र पाल, राजेश उमेश, रामधनी पाल , हरिदास पाल, राजेंद्र पाल, रमाशंकर पाल, जय नाथ पाल, राजकुमार पाल, अजय पाल, विनोद पाल, संतोष पाल, रमेश पाल एडवोकेट, आशीष एडवोकेट, राजेंद्र एडवोकेट , आनंद कुमार एडवोकेट, आदि सैकड़ों पाल समाज के लोग उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता राधेश्याम पाल तथा संचालन, सुभाष पाल ने द्वारा किया।

## 24 वाहनों पर उपखनिज परिवहन के उल्लंघन की हुई कार्यवाही

चित्रकूट (एजेंसी)। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के विभिन्न स्थानों पर बीती रात उपखनिजो के परिवहन की सघन जांच की गई। इस दौरान नियमानुसार परिवहन न किये जाने पर 13 वाहनों का आनलाइन चालान किया गया। 7 वाहन वाहनों को थाना मऊ, 3 वाहन पुलिस लाइन व 1 वाहन थाना भरतकूप की अभिरक्षा में दिया गया। इस प्रकार जनपद में 24 वाहनों पर उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के अन्तर्गत कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से जुर्माने के रूप में राज्य सरकार को कुल धनराशि रुपए 1084200 की प्राप्ति होगी। जनपद में अवैध खनन, परिवहन पर सतत दृष्टि रखी जा रही है। अवैध खनन व परिवहनकर्ता पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## गंगा दशहरा पर यज्ञ हवन कर मनाई गायत्री जयंती

चित्रकूट (एजेंसी)। गायत्री शक्तिपीठ मे गायत्री जयंती का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः पांच बजे से सामूहिक गायत्री जप साधना सामूहिक योग साधना और आठ बजे से गायत्री यज्ञ पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। गुरुदेव का पर्व सन्देश गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने दिया। उन्होंने कहा कि गंगा गायत्री दोनों के अवतरण का दिन है। सगर पुत्रो को अभिशाप से मुक्त कराने उनके कुल के तपस्वी भगीरथ गंगा को धरती पर लाये जो उनके कुल के उद्धार के साथ आज पाप संताप से दुखी लोगो का उद्धार कर रही हैं। उनके सम्मान मे गंगा दशहरा का पर्व गंगा स्नान कर मनाते आ रहें हैं। मानस पापों के उद्धार के लिए गायत्री ज्ञान गंगा के अवतरण का दिन भी यही है। ब्रह्मा जी को गायत्री महामंत्र का साक्षात्कार हुआ। तप कर नयी सृष्टि बनायीं। विश्वामित्र ने गायत्री का कठोर तप कर नयी सृष्टि बनाने की शक्ति पाई थी। इन्हीं गायत्री महाप्रज्ञा को तप कर युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने ज्ञान गंगा के रूप मे धरती पर अवतरित किया। जिससे आज के भौतिकवादी, प्रत्यक्षवादी, देहाभिमानी सगर पुत्रो का उद्धार हों सकें। आज व्यक्ति साधनों से परिपूर्ण होकर निराश है। इसके लिए विराट गायत्री परिवार का संगठन खड़ा किया। आज के दिन आचार्य जी अपने स्थूल देह से प्रयाण किया था। पर्व मे सम्मिलित होने बाँदा, सतना, चित्रकूट, राजस्थान, जयपुर, कानपुर, रीवा आदि स्थानों से लोग आए।

## वनस्पति विज्ञान विषय पर हासिल की पीएचडी उपाधि

चित्रकूट (एजेंसी)। महत्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शोधार्थी आलोक कुमार पुत्र रमेश प्रसाद निवासी ग्राम भगनपुर साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने वनस्पति विज्ञान विषय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। शोधकार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण था। शोध कार्य का क्षेत्र चित्रकूट वन परिक्षेत्र रहा। जिसका क्षेत्रफल करीब 189.2 वर्ग किमी था। उन्होंने इस घनघोर जंगल के अंदर जाकर घास से लेकर विशालकाय वृक्षों का अध्ययन कर यह निष्कर्ष निकाला कि एक साल में इन वनस्पतियों द्वारा कितनी कार्बनडाइ ऑक्साइड गैस भोजन के रूप में प्रयुक्त की जाती है और उनका यह शोध कार्य सफल भी रहा।

# पं. माधवराव सप्रेः हिंदी के विस्मृत महानायक हिंदी नवजागरण के अग्रदूत का जरूरी है स्मरण





—प्रो.संजय द्विवेदी

पंडित माधवराव सप्रे, हिंदी पत्रकारिता और साहित्य में लगभग भुला दिए गए महानायक हैं। भारतबोध और भारतीयता के सबसे प्रखर प्रवक्ता स्प्रे हमारे स्व को जगाने वाले लेखक हैं। हिंदी नवजागरण के अग्रदूत माधवराव सप्रे को याद करना उस परंपरा को याद करना है, जिसने देश में न सिर्फ भारतीयता की अलख जगाई वरन हिंदी समाज को आंदोलित भी किया। उनके हिस्से इस बात का यश है कि उन्होंने मराठीभाषी होते हुए भी हिंदी की निंरतर सेवा की। अपने लेखन, अनुवाद, संपादन और सामाजिक सक्रियता से समाज का प्रबोधन किया। 19 जून,1871 को मध्यप्रदेश के एक जिले दमोह के पथरिया में जन्मे सप्रे जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। आज के मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र तीन राज्य उनकी पत्रकारीय और साहित्यिक यात्रा के केंद्र रहे। छत्तीसगढ़ मित्र, हिंदी केसरी के माध्यम से पत्रकारिता में किया गया उनका कार्य अविस्मरणीय है। उनकी देशज चेतना, भारत प्रेम, जनता के दर्द की गहरी समझ उन्हें बड़ा बनाती है। राष्ट्रोत्थान के लिए तिलक जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोकव्यापीकरण करते हुए वे एक ऐसे संचारक रूप में आते हैं, जिसने अपनी जिंदगी राष्ट्र को समर्पित कर दी। सप्रे जी की बहुमुखी प्रतिभा के बहुत सारे आयाम और भूमिकाएं थीं। वे हर भूमिका में पूर्ण थे। कहीं कोई अधूरापन नहीं, कच्चापन नहीं। सप्रे जी को लंबी आयु नहीं मिली। सिर्फ 54 साल जिए, किंतु जिस तरह उन्होंने अनेक सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की, पत्र—पत्रिकाएं संपादित कीं, अनुवाद किया, अनेक नवयुवकों को प्रेरित कर देश के विविध क्षेत्रों में सक्रिय किया वह विलक्षण है। 26 वर्षों की उनकी पत्रकारिता और साहित्य सेवा ने मानक रचे। पंडित रविशंकर शुक्ल, सेठ गोविंददास, गांधीवादी चिंतक सुंदरलाल शर्मा, द्वारिका प्रसाद मिश्र, लक्ष्मीधर वाजपेयी, माखनलाल चतुर्वेदी, लल्ली प्रसाद पाण्डेय,मावली प्रसाद श्रीवास्तव सहित अनेक हिंदी सेवियों को उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित किया। जबलपुर की फिजाओं में आज भी यह बात गूंजती है कि इस शहर को संस्कारधानी बनाने में सप्रे जी ने एक अनुकूल वातावरण बनाया। जिसके चलते जबलपुर साहित्य, पत्रकारिता और संस्कृति का केंद्र बन सका। 1920 में उन्होंने जबलपुर में हिंदी मंदिर की स्थापना की, जिसका इस क्षेत्र में सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने में अनूठा योगदान है। हिंदी पत्रकारिता में उनका गौरवपूर्ण स्थान है। सन् 1900 के जनवरी महीने में उन्होंने छत्तीसगढ़ के छोटे से कस्बे पेंड्रा से 'छत्तीसढ़ मित्र' का प्रकाशन प्रारंभ किया। दिसंबर,1902 तक इसका प्रकाशन मासिक के रुप में होता रहा। इसे प्रारंभ करते हुए उसके पहले अंक में उन्होंने लिखा—"संप्रति छत्तीसगढ़ विभाग को छोड़ एक भी प्रांत ऐसा नहीं है, जहां दैनिक, साप्ताहिक, मासिक या त्रैमासिक पत्र प्रकाशित न होता हो। आजकल भाषा में बहुत सा कूड़ा—करकट जमा हो रहा है वह न होने पावे इसलिए प्रकाशित ग्रंथों पर प्रसिध्द मार्मिक विद्वानों के द्वारा समालोचना भी करे। " यह बात बताती है कि भाषा के स्वरूप और विकास को लेकर वे कितने चिंतित थे। साथ ही हिंदी भाषा को वे एक समर्थ भाषा के रुप में विकसित करना चाहते थे, ताकि वह समाज जीवन के सभी अनुशासनों पर सार्थक अभिव्यक्ति करने में सक्षम हो सके। कुछ पत्र लंबे समय तक चलते हैं पर पहचान नहीं बना पाते । 'छत्तीसगढ़ मित्र' की प्रकाशन अवधि हालांकि बहुत कम है ,किंतु इस समय में भी उसने गुणवत्तापूर्ण, विविधतापूर्ण सामग्री को प्रकाशित कर आदर्श संपादकीय,लेखकीय परंपरा को निर्मित करने में मदद की, वह भी एक ऐसे इलाके से जहां इसकी कोई पूर्व परंपरा नहीं थी। बत्तीस पेज की यह पत्रिका समग्रता के साथ आती है, जिसमें कथा, कहानी, समाचार, प्रार्थना, पत्र, नीति विषयक बातें, उपदेशपरक और व्यंग्य परक लेख, समीक्षाएं प्रकाशित होती थीं। सप्रे ने जी ने संपादकीय तो नहीं लिखे किंतु समाचारों के अंत में सुझाव के रुप में एक वाक्य जाता था। एक साल के बाद इसका स्वरूप पूरी तरह साहित्यिक हो गया और समाचारों प्रकाशन इसमें बंद हो गया। इस मासिक पत्र के प्रकाशक अधिवक्ता वामनराव लाखे थे और सप्रे जी के साथ संपादक के रूप में रामराव चिंचोलकर का नाम भी जाता था। इस पत्र की गुणवत्ता और सामग्री को बहुत सराहना मिली। उस समय के प्रमुख अखबार भारत मित्र(कोलकाता) ने लिखा कि दृ "इस पत्र के संपादक एक महाराष्ट्रीयन हैं तथापि हिंदी बहुत शुद्ध लिखते हैं। लेख भी बहुत अच्छे होते हैं। हम आशा करते हैं कि मध्यप्रदेश वासी इस पत्र को बनाए रखने की चेष्ठा करेंगें।" अभावों के चलते यह यात्रा बंद हो गयी और सप्रे जी नागपुर के देशसेवक प्रेस में काम करने लगे। वहीं पर सप्रे जी ने जीवन के कठिन संघर्षों के बीच 1905 में हिंदी ग्रंथ प्रकाशन—मंडली की स्थापना की। इसके माध्यम से हिंदी भाषा के विकास और उत्थान तथा अच्छे प्रकाशनों का लक्ष्य था। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के कार्यों से प्रभावित सप्रे जी ने 13 अप्रैल,1907 से 'हिंदी केसरी' का प्रकाशन आरंभ किया। भारतबोध की भावना भरने, लोकमान्य तिलक के आदर्शों पर चलते हुए इस पत्र ने समाज जीवन में बहुत खास जगह बना ली। राष्ट्रीय जागरण की भावना से ओतप्रोत इस पत्र में देश के जाने—माने पत्रकारों का सहयोग रहा। बताते हैं कि मुंबई के प्रख्यात पत्रकार जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल, सप्रे जी के आग्रह पर उस समय के प्रमुख अखबार 'श्रीवेंकटेश्वर समाचार' के संपादक की नियमित नौकरी छोड़कर नागपुर चले आए और 'हिंदी केसरी' से जुडे। संपादक शिरोमणि महावीर प्रसाद द्विवेदी ने सरस्वती के मई,1907 के अंक में लिखा—"हिंदी केसरी निकल आया। अच्छा निकाला। ...आशा है इस पत्र से वही काम होगा जो तिलक महाशय के मराठी पत्र से हो रहा है। इसके निकालने का सारा पुण्य पंडित माधवराव सप्रे बी.ए. को है। महाराष्ट्री होकर भी हिंदी भाषा पर आपके अखंड और अकृत्रिम प्रेम को देखकर उन लोगों को लज्जित होना चाहिए, जिनकी जन्मभाषा हिंदी है, पर जो हिंदी में एक सतर भी नहीं लिख सकते, अथवा न ही लिखना चाहते हैं।" बहुआयामी प्रतिभा के धनी सप्रे जी अप्रतिम लेखक, गद्यकार, अनुवादक और कोशकार के रूप में हिंदी की सेवा करते हैं। उनमें हिंदी समाज की समाज की समस्याओं, उसके उत्थान को लेकर एक ललक दिखती है। वे भाषा को समृद्ध होते देखना चाहते हैं। हिंदी निबंध और कहानी लेखन के क्षेत्र में वे अप्रतिम हैं तो समालोचना के क्षेत्र में भी निष्णात हैं। हिंदी साहित्य में एक साथ कई परंपराओं को विकसित करना चाहते हैं। उसमें आलोचना की परंपरा भी खास है। उनके लिए कोई विषय अछूता नहीं है। वे हिंदी की सामर्थ्य को बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। सप्रे जी ने उस समय की लोकप्रिय पत्रिकाओं में 150 से अधिक निबंध लिखे। छत्तीसगढ़ मित्र में 6 कहानियां लिखीं। सन् 1968 में 'सारिका' पत्रिका द्वारा 'एक टोकरी भर मिट्टी' को हिंदी को पहली कहानी घोषित किया गया, तब वे बहुत चर्चा में आए और साहित्य जगत में लंबी बहस चली। हर बड़ा लेखक आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ जरूर लिखता है।सप्रे जी ने नई पीढ़ी के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए इलाहाबाद से छपने वाली पत्रिका 'विद्यार्थी' में 'जीवन संग्राम में विजय पाने के कुछ उपाय' शीर्षक से एक लेखमाला लिखी। इस लेखमाला में 20 लेख थे। अपने अनुवाद कर्म से उन्होंने हिंदी की दुनिया को समृध्द किया। एक अनुवादक के रूप में उनका सबसे बड़ा काम है 'दासबोध' को हिंदी के पाठकों को उपलब्ध कराना। नागपुर जेल से मुक्ति के बाद सप्रे जी 1909 के आरंभ में वर्धा के पास हनुमानगढ़ में संत श्रीधर विष्णु पराजंपे से दीक्षा लेते हैं और उनके आश्रम में कुछ समय गुजारते हैं। इसके पश्चात गुरू आज्ञा से उन्होंने मधुकरी करते हुए दासबोध के 13 पारायण किए और रायपुर में रहते हुए उसका अनुवाद किया। समर्थ गुरू रामदास रचित 'दासबोध' एक अद्भुत कृति है, जिसे पढ़कर भारतीय परंपरा का ज्ञान और सामाजिक उत्तरदायित्व के भाव दोनों से परिचय मिलता है। इसके साथ ही सप्रे जी ने 'महाभारत मीमांशा' का अनुवाद भी किया। यह ग्रंथ चिंतामणि विनायक वैद्य द्वारा रचित महाभारत के 'उपसंहार' नामक मराठी ग्रंथ का अनुवाद था। लोकमान्य तिलक जिन दिनों मांडले जेल में थे, उन्होंने कारावास में रहते हुए 'गीता रहस्य' की पांडुलिपि तैयार की। इसका अनुवाद करके सप्रे जी ने हिंदी जगत को एक खास सौगात दी। इसके साथ ही उन्होंने 'शालोपयोगी भारतवर्ष' को भी मराठी से अनूदित किया। सप्रेजी ने 1923—24 में 'दत्त—भार्गव संवाद' का अनुवाद किया था जो उनकी मृत्यु के बाद छपा। उनका एक बहुत बड़ा काम है काशी नागरी प्रचारणी सभा की 'विज्ञान कोश योजना' के तहत अर्थशास्त्र की मानक शब्दावली बनाना। जिसके बारे में कहा जाता है कि हिंदी में अर्थशास्त्रीय चिंतन की परंपरा प्रारंभ सप्रे जी ने ही किया। उनकी 153वीं वर्षगांठ मनाते हुए हमें यह ध्यान रखना है कि सप्रे जी का योगदान लगभग उतने ही महत्त्व का है, जितना भारतेंदु हरिश्चंद्र या महावीर प्रसाद द्विवेदी का। लेकिन इन दोनों की तरह सप्रे जी की परिस्थितियां असाधारण हैं। उनके पास काशी जैसा समृद्ध बौद्धिक चेतना संपन्न शहर नहीं है ना ही 'सरस्वती' जैसा मंच। सप्रे जी ने बहुत छोटे स्थान पेंड्रा से 'छत्तीसगढ़ मित्र' का प्रारंभ करते हैं और बाद में नागपुर से शहिंदी केसरीश निकालते हैं। 23 अप्रैल,1926 में उनका निधन हो जाता है। बहुत कम सालों की जिंदगी जीकर वे कैसे खुद को सार्थक करते हैं, सब कुछ सामने है। माधवराव सप्रे जैसे महानायक की स्मृतियां आज भी हमारा संबल बन सकती हैं। अपने सुखों का त्यागकर वे पूरी जिंदगी भारत मां और उसके पुत्रों के लिए कई मोर्चों पर जूझते रहे। ऐसे महान भारतपुत्र को शत—शत् नमन।

(लेखक भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नयी दिल्ली के पूर्व महानिदेशक हैं।)

## सम्पादकीय

### उम्मीदवारों का चयन सही साबित हुए

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।य इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता।

ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह श्अबकी बार 400 पारय के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका।

ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का श्अहंकारय की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई।

जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकर्ताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकर्ताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे।इसी के चलते भी कार्यकर्ताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकर्ताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे—चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और श्इंडियाय गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा

# फिर आतंकी हमले, कायम हो शांति का उजाला



ललित गर्ग ।

भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है।

यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू—कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन—चौन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू—कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे।मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़—चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति—सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन—प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर—ए—तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश—ए—मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोष लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन—चौन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का। बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन—सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार का जादू रहा है। अब गठबंधन सरकार में भी वे अपने इस जादू को दिखाये।

इन आतंकी हमलों ने अनेक प्रश्न खड़े किये हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि कश्मीर की जनता क्यों राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पा रही है? क्या कश्मीरी लोगों में नई व्यवस्था में अपने अधिकारों की सुरक्षा व संपत्ति के अधिकारों को लेकर मन में संशय की स्थिति में वृद्धि हुई है? हमें यह तथ्य स्वीकारना चाहिए कि किसी भी राज्य में आतंकवाद का उभरना स्थानीय लोगों के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकता। वहीं यह भी हकीकत है कि कश्मीरी जनमानस का दिल जीतना शक्ति से नहीं बल्कि उनके अनुकूल नीतियां बनाने व लोकतंत्र की बहाली से ही संभव है। अब कश्मीर में आतंक का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होना ही चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। कश्मीरियों में अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। शांति का अग्रदूत बन रहा भारत एक बार फिर युद्ध के जंग की बजाय शांति प्रयासों एवं कूटनीति से पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाये, यह अपेक्षित है।

पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति 'कश्मीर' पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब गठबंधन की मोदी सरकार को ही देना है, उसे सटीक जबाव देकर आतंकियों के मनसूंबों को ढेघ्र करना होगा, पडोसी देश की गर्दन को एक बार फिर मरोड़ना होगा। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखना होगा।




# कई प्रमुख टीमें विश्व कप से हुई बाहर, अब शुरू होगी सुपर.8 की जंग

आदर्श प्रकाश सिंह ।

विश्व कप चाहे वनडे हो या टी.20, भारत का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड बहुत उम्दा रहा है। केवल एक बार 2021 के टी. 20 विश्व कप में हम पाकिस्तान से हार गए थे। यह मैच दुबई में हुआ था। इसके अलावा हर बार भारत ही विजेता रहा है।

आजकल टी.20 विश्व कप के मैच खेले जा रहे हैं। यह सबसे बड़ा विश्व कप है क्योंकि इस बार 20 टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। हर ग्रुप से दो टीमें सुपर. 8 में प्रवेश करेंगी। इस चरण की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। हैरानी की बात यह है कि न्यूजीलैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान की टीम सुपर.8 में नहीं जा पाईं जबकि पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखने वाली अमेरिका की टीम इस चरण में प्रवेश कर गई है। अमेरिका विश्व कप का सह मेजबान है जो आमतौर पर क्रिकेट नहीं खेलता। मगर, उसकी टीम ने सुपर.8 में प्रवेश कर सबको चौंका दिया है। कैरीबियाई देशों का समूह वेस्ट इंडीज भी इस विश्व कप का मेजबान है। शुरुआती मैच न्यूयार्क के नसाउ काउंटी मैदान पर खेले गए। भारत ने अपने तीन मैच खेल लिये हैं और इन तीनों को जीत कर सुपर. 8 में पहुंच चुका है। शनिवार को भारत का कनाडा से होने वाला आखिरी लीग मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। भारत से हारने वाली एक टीम पाकिस्तान भी है जिसे रोमांचक मुकाबले में हमारी टीम ने 6 रन से हरा दिया। भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर रोमांच चरम पर होता है। पूरी दुनिया के खेल प्रेमी इस मुकाबले पर नजर गड़ाए रहते हैं। विश्व कप चाहे वनडे हो या टी.20, भारत का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड बहुत उम्दा रहा है। केवल एक बार 2021 के टी.20 विश्व कप में हम पाकिस्तान से हार गए थे। यह मैच दुबई में हुआ था। इसके अलावा हर बार भारत ही विजेता रहा है। इस बार जब दोनों टीमें 9 जून को भिड़ीं तो एक समय पाकिस्तान का पलड़ा भारी लग रहा था। वजह, पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने केवल 119 रन बनाए थे। यह लक्ष्य कोई मुश्किल नहीं था। लेकिन 14वें ओवर के बाद भारतीय गेंदबाजों ने ऐसा शिकंजा कसा कि पाकिस्तानी बल्लेबाज आउट होते चले गए। अंततरू भारत 6 रन से जीत गया। बुमराह की गेंदबाजी ने पाक की कमर तोड़ दी। खासतौर से रिजवान को जब बुमराह ने बोल्ड आउट किया तो उसके बाद से ही मैच का रुख भारत की ओर मुड़ गया। छोटे लक्ष्य का बचाव करते हुए भारत ने अपनी झोली में मैच डाल लिया। इसके बाद जैसा कि भारत से हारने के बाद हमेशा होता है, सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी खिलाडिघ्यों को खूब लताड़ा गया।

इस बार का विश्व कप कई उलटफेर का शिकार हो रहा है। मसलन, अमेरिका जैसी नौसिखिया टीम ने सुपर ओवर में पाकिस्तान को हरा दिया। इसी तरह अफगानिस्तान ने श्रीलंका और न्यूजीलैंड को हरा दिया। इससे कुछ मजबूत टीमों के लिए संकट खड़ा हो गया है। पाकिस्तान की किस्मत खराब थी कि वह सुपर. 8 से बाहर हो गया है। शुक्रवार को आयरलैंड और अमेरिका का मैच बारिश की वजह से धुल गया। अंक बंटने से अमेरिका सुपर.8 में पहुंच गया। शनिवार को दक्षिण अफ्रीका भी उलटफेर का शिकार होने से बच गया। नेपाल की टीम रोमांचक मुकाबले में एक रन से हार गई। आखिरी गेंद पर नेपाल को जीत के लिए दो रन चाहिए थे। अगर ऐसा हो जाता तो दक्षिण अफ्रीकी टीम हार जाती। न्यूयार्क की पिच को लेकर इस दौरान खूब चर्चा हो रही है। यहां रन बनाना कठिन हो गया है। 20 ओवर में मुश्किल से 100 या सवा सौ के आसपास रन बन रहे हैं। दोषपूर्ण पिच के बारे में आईसीसी से भी शिकायत की गई है। आयरलैंड के साथ भारत के मैच के दौरान कई खिलाडिघ्यों के शरीर पर गेंद लगी। असमान उछाल वाली ऐसी पिच क्यों बनाई गई, इस पर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, ये पिचें बाहर से लाकर यहां स्थापित की गई हैं। इन्हें ड्राप इन पिंच कहा जा रहा है। सुपर. 8 के मैच कैरीबियाई देशों में खेले जाएंगे। जिसे हम वेस्ट इंडीज के नाम से जानते हैं। जाहिर है, वहां की पिचों का मिजाज अलग होगा। अमेरिकी मैदान पर रनों के लाले पड़ गए थे लेकिन वेस्ट इंडीज में हालात अलग होंगे। भारत का सुपर.8 में पहला मैच 20 जून को अफगानिस्तान से है। इस चरण में आस्ट्रेलिया से भी भारत को खेलना होगा जो मजबूत टीम है। इसके बाद सेमी फाइनल और फाइनल की लड़ाई है। 19 जून से सुपर.8 चरण के मैच शुरू होंगे। फाइनल 29 जून को ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।भारत के लिए इस बार 17 साल के बाद खिताब जीतने का सुनहरा अवसर है। मजबूत प्रतिद्वंद्वी के रूप में गिनी चुनी टीमें बची हैं। इंग्लैंड सुपर.8 में आ गया है।

# संक्षिप्त खबरें.......

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष चंद्रकेश रावत ने ठोकी दावेदारी

मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। लोकसभा सीट पर सपा की जीत के बाद मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मिल्कीपुर सुरक्षित सीट होने के कारण अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं भाजपा नेता चंद्रकेश रावत ने भी अपनी दावेदारी मजबूत की हैं , क्षेत्र में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जनसंपर्क शुरू कर दिया है, चंद्रकेश रावत अमानीगंज ब्लाक अंतर्गत गड़ौली गांव के निवासी है, एवं प्रतिष्ठित व्यापारी भी हैं। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं, और लोगों के सामने अपने विचार भी रख रहे हैं, वहीं उनको अपार जन समर्थन भी लोगों द्वारा मिल रहा है। क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं इससे साफ दिखाई दे रहा है कि उपचुनाव में अपनी प्रबल देवदारी रख रहे हैं। चंद्रकेश रावत जब से क्षेत्र में जनसम्पर्क कर रहे हैं नेताओं में खलबली मच गई है।

## उच्च न्यायालय के आदेश पर दो वर्ष बाद दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

कुमारगंज–अयोध्या(एजेंसी)। थाना पूरा कलंदर अंतर्गत ग्राम दौलतपुर में विगत 24 जून 2022 को हुए एक हत्या में अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी की पैरवी पर उच्च न्यायालय के आदेश पर 2 साल बाद तीन अभियुक्तों के विरुद्ध नामजद मुकदमा पंजीकृत हुआ। थाना कुमारगंज अंतर्गत ग्राम रसूलपुर लिलहा निवासी मृतक रामस्वरूप (35) जो कि थाना पूरा कलन्दर के ग्राम दौलतपुर में रहकर राजगीर का कार्य करता था को पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए गांव के ही दलगंजन यादव, हनुमंत यादव पुत्रगण गंगाराम तथा लाल जी पुत्र अमरनाथ ने मिलकर धारदार हथियार और लाठी डंडे से मार कर पेड़ से लटका दिया था। मृतका की पत्नी श्रीमती रामादेवी ने उक्त हत्याकांड की सूचना स्थानीय पुलिस पूराकलन्दर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या तथा जिलाधिकारी अयोध्या से प्रार्थना पत्र देकर न्याय दिलाए जाने की बहुत याचना किया परंतु अभियुक्त गण के प्रभाव में प्रथम सूचना रिपोर्ट ही नहीं अंकित की गई। रंजिश का मुख्य कारण विपक्षी अभियुक्त लाल जी यादव की पुत्री रानी जो कि रामादेवी के देवर जितेंद्र के साथ भाग गई थी। नतीजतन अभियुक्त गणों ने रामस्वरूप की नृशंस हत्या कर बदला लिया। विवश होकर रामादेवी ने जिला जज अयोध्या के यहां रिपोर्ट अंकित कराए जाने के लिए धारा 156द्ध3 में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय ने प्रथम सूचना प्रथम दृश्य घटना गंभीर और संघीय अपराध पाए हुए प्रभारी थाना पूरा केंद्र को सूचना अंकित का विवेचना करने का आदेश दिया परंतु तब भी पूरा कलंदर थाना प्रभारी ने प्राथमिक की दर्ज नहीं की। थक हारकर पीड़िता रामादेवी ने अधिवक्ता दिनेश कुमार तिवारी की पैरवी पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच में रिट याचिका दायर किया तब मुकदमा अपराध संख्या 194द्ध 2024 धारा 302 आईपीसी व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना की कार्यवाही तो हो पाई परंतु अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई।

## अलग-अलग दुर्घटना में एक मौत, तीन घायल

बीकापुर–अयोध्या(एजेंसी)। कोतवाली क्षेत्र के तीन अलग–अलग स्थान पर हुई दुर्घटना में तीन लोग जहों चोटहिल हुए वहीं एक की घटनास्थल पर मौत हो गई। रविवार को किन्ना देवी पत्नी श्रीराम निषाद उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी तारापुर ऐमीघाट थाना महाराजगंज ने पिपरी निवासी अपने दामाद को देखने आई थी जिनको सांप काट लेने की जानकारी मिली थी दामाद के स्वस्थ होने पर साथ में आई देवरानी संवारी देवी आदि परिवार के लोगों के साथ जा रही थी कि सड़क क्रॉस करते समय सुल्तानपुर की तरफ से जा रही स्विफ्ट गाड़ी संख्या यूपी 44 बी एम 4785 की चपेट में आने में घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उक्त घटना दिन में लगभग दो बजे होने पर तत्काल सी एच सी बीकापुर लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर अनुराग गुप्ता ने जांच में मृत घोषित करके मेमो पुलिस के पास भेज दिया। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। और पोस्टमार्टम के लिए लिखा पढ़ी करके भेज दिया है। दूसरी घटना क्षेत्र के चमैला गांव के पास बाइक से घर आ रहे दो व्यक्ति मित्रसेन यादव पुत्र राम जग यादव उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी कर ईश्वरपुर एवं विकास यादव पुत्र राम धीरज उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी सिंधु तारा की बाइक के सामने कुत्ता आ जाने से रविवार की बीती रात लगभग 9:00 बजे गंभीर चोट आने पर सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने दिया गया है। बीती रात लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से लगभग 26 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को गंभीर चोट आने पर एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ही जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# कृषि विवि के सहायक प्राध्यापक की पत्नी की संदिग्ध मौत

**-विवि के आवास में छत के हुक से लटका मिला शव**
**-वर्ष 2022 में हुई थी शादी, 9 माह का है पुत्र**



मिल्कीपुर–अयोध्या(एजेंसी)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज स्थित पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह की पत्नी नेहा कुमारी (25) का शव उसके कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात लगभग 10:00 बजे फांसी पर लटका मिला। घटना की जानकारी के बाद पति ने अपने सहयोगियों के साथ आनन–फानन में इलाज के लिए सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज किए जाने से पहले ही प्रोफेसर पति अपनी पत्नी को लेकर जिला अस्पताल चला गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस में महिला का शव कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के उपरांत पोस्टमार्टम को भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूप कुमार सिंह निवासी नेहरू नगर चंदौली की डेढ़ वर्ष पूर्व कृषि विश्व विद्यालय के कॉलेज आफ वेटरनरी में सहायक प्राध्यापक पद पर नियुक्ति हुई थी बीते वर्ष 2022 में उनका विवाह नेहा कुमारी पुत्री संजय सिंह निवासी यार पुरा थाना गार्डनीबाग जनपद पटना बिहार के साथ हुआ था। उनके 9 माह का एक बेटा भी है। वह कृषि विश्वविद्यालय के मकान संख्या बी – 87 में परिवार के साथ रहते थे।

बीते शनिवार की रात करीब 9:00 बजे उनकी पत्नी नेहा कुमारी दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक गई थी। थोड़ी देर बाद पति ने जब देखा, तब उन्होंने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतारा और पड़ोस में ही स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज ले गए। अस्पताल के डॉक्टर अमित ने महिला को इमरजेंसी कक्ष में लाने की बात कहते हुए हालत नाजुक बताई। इतने में कार में सवार तीनों लोग महिला को जिला अस्पताल ले जाने की बात कहते हुए लेकर चले गए थे। घटना के दूसरे दिन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कुमारगंज रतन सिंह एवं फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रभारी सुरक्षा अधिकारी डॉ एस पी सिंह की मौजूदगी में सहायक प्राध्यापक के बंद कमरे का ताला तुड़वाकर गहन छानबीन की। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि जिस कार से महिला को लेकर आए थे उसमें सवार तीनों लोग शराब के नशे में धुत थे और उनसे बार–बार कहा गया कि महिला को कार से उतार कर इमरजेंसी कक्ष में ले आइए, किंतु उन लोगों ने एक भी नहीं सुनी थी। फिलहाल मामले में अभी कोई भी तहरीर पुलिस को नहीं मिली है अलबत्ता पुलिस घटना की गहन छानबीन में जुटी है।

## विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा ने बनाई रणनीति

मीरजापुर(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी मझवां विधानसभा उपचुनाव को दृष्टिगत देख उपचुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। मझवां विधानसभा की विकास खण्डवार हुई बैठक में चुनाव जीतने की रणनीति तय की गई। मझवां ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष सौरभ सिंह, सीटी ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष भोलानाथ यादव व पहाड़ी ब्लाक की बैठक ब्लाक अध्यक्ष कन्हैया यादव एवं सीटी ब्लाक की आंशिक बैठक अध्यक्ष लाल बहादुर यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि मझवां विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओ के बदौलत जीतेगी। कहा कि वोटर लिस्ट में नाम बढ़ रहा है।

## विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए अवध विवि की कुलपति ने किया उत्साहवर्धन




अयोध्या।(एजेंसी) डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने शनिवार को सायं साढ़े छह बजे ऑनलाइन योग शपथ का विश्व कीर्तिमान बनाने के लिए लता चौक स्थित हेल्प डेस्क पहुँच कर शिक्षकों एवं वालंटियर्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विद्यार्थियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं पुरातन छात्र–छात्राओं के अलावा आमजनमानस से भी अधिक से अधिक संख्या में ऑनलाइन योग शपथ लेकर प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या के विश्वविद्यालय को शीर्ष स्थान दिलाने की अपील की। जिससे अपने उत्तर प्रदेश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो सके। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ऑनलाइन योग शपथ का विश्व कीर्तिमान बने इसके लिए उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों से अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं द्वारा शपथ दिलाई जा रही है। इसमें आमजनमानस भी जुड़ध सकते है। निश्चित ही आपके एक मिनट के सहयोग से अवध विश्वविद्यालय पहला स्थान प्राप्त करने के साथ उत्तर प्रदेश योग शपथ का विश्व रिकार्ड बनायेगा। कुलपति प्रो0 गोयल ने लोगों से संवाद करते हुए हुए बताया कि ऋषियों मुनियों का अनमोल उपहार हमें योग के रूप में मिला है। इसे जीवन में अपनाने से कई व्याधियों से छुटकारा पा सकते है। आइये हम सभी ऑनलाइन योग शपथ लेकर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन करें।

योग नोडल समन्वयक प्रो. संत शरण मिश्र ने बताया कि ऑनलाइन योग शपथ का अयोध्या सहित विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों से सकारात्मक सहयोग मिल रहा है। 18 जून तक ऑनलाइन योग शपथ अभियान चलेगा। विश्वविद्यालय को साढे पांच लाख का लक्ष्य दिया गया है। इसे पूरा करने के लिए 18 जून तक अयोध्या के आमजनमानस भी हिस्सा लेकर योग शपथ सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते है। इसके लिए उन्हें राजभवन के पोर्टल व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर योगा प्लेज डॉट इन के लिंक पर जाकर विश्वविद्यालय का नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करने के बाद ओटीपी आयेगा उसे अपलोड करने उपरांत आई टेक द प्लेज पर क्लिक करने पर योग ऑनलाइन शपथ सर्टिफिकेट जनरेट हो जायेगा। इस अभियान में हम सभी के एक छोटे प्रयास से विश्व कीर्तिमान बनेगा। इस अभियान में प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, डॉ0 महेन्द्र पाल सिंह, डॉ0 निमिष मिश्रा, डॉ0 आशुतोष पाण्डेय, डॉ0 रामजीत सिंह यादव व वालंटियर्स शामिल रहे। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों में कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो0 आशुतोष सिन्हा के नेतृत्व में बीए कोर्स के समन्वयक डॉ0 डीएन वर्मा ने शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा ऑनलाइन योग की शपथ दिलाई। इसमें डॉ0 प्रतिभा, डॉ0 स्वाति सिंह, डॉ0 मीनू वर्मा, डॉ0 मृदुला पाण्डेय, डॉ0 मिथिलेश तिवारी सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन की अयोध्या से चेतावनी

***-सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा ना दिया गया तो लगाएंगे राष्ट्रीय पंचायत***
***-किसानो की जो भूमि अधिगृहित की गई है उन्हें ऐरियर का भुगतान किया जाए***
***-एक माह में पूरी करें मांगे वरना सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी रु अरविन्द यादव***



अयोध्या(एजेंसी)। भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस करके प्रशासन से मुआवजे की मांग की। कहा कि अयोध्या जनपद का सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजे का भुगतान तथा जिनकी भूमि ले ली गई है उन्हें एरियर सहित भुगतान किया जाए। भाकियू की मांग है कि वर्षों से अयोध्या धाम के निकटवर्ती राजस्व ग्रामो में किसानो के भूमि का व्यावसायिक उपयोग में अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है जिसके सापेक्ष में समय–समय पर जनपद के किसानो द्वारा सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजा देने की मांग की जाती रही है किंतु प्रशासन मांगो को दर किनार कर बल पूर्वक किसानो से औने पौने दाम पर जमीन ले ली गई। आरोप लगाया कि जो किसान देने से आना कानी किए उनपर फर्जी मुकदमे भी दर्ज कराए गए हैं। किसानो ने वर्ष 2017 से सर्किल रेट न बढ़ाने के कारण प्रशासन व शासन से कई बार लिखित रूप से मांग भी की है। किसान नेताओं ने कहा कि मौजा शहनेवाजपुर में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा 51,25,526 रुपये प्रति विस्वा जमीन खरीदी गई। लोढ़ा कम्पनी ने मांझा तिहुरा में लगभग 6 लाख विस्वा जमीन खरीदी गई जिसके सापेक्ष में आवास विकास परिषद द्वारा शहनेवाजपुर के किसानो को 6 लाख रुपये मुआवजा दिया गया। मांझा तिहुरा में रेट लगभग 50 हजार रुपये विस्वा मुआवजा दिया जा रहा है जो बेहद ही कम रेट है। इसी तरह एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में मुआवजा बहुत ही कम दिया गया। सर्किल रेट 2017 से बढ़ाया गया होता तो जनपद के सभी किसान प्राप्त मुआवजे का ज्यादा तीन गुना मुआवजा पाते तो किसी भी किसान को सरकार के प्रति कोई नराजगी नहीं होती।

किसान नेताओं ने प्रेसकांफ्रेन्स में आरोप लगाया कि जिला प्रशासन एयरोसिटी बनाये जाने के लिए सम्बंधित गांवों के सामने अधिग्रहण करने का बोर्ड लगाकर जनता में भय को माहौल बनाया है। इसी प्रकार आवास विकास परिषद एयरपोर्ट विस्तारीकरण, रिंग रोड निर्माण व रामपथ पचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण आदि में जा रहे सैकड़ो ग्राम सभा के किसानो का मुआवजा सर्किल रेट न बढ़ाकर किसानो पर अन्याय किया है। हमारी मांगों है कि श्रीराम जन्म भूमि क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा खरीदी गई 51,25,526.00 रू० विस्वा और लोढ़ा का कम्पनी द्वारा तिहुरा मांझा में खरीद रेट 6 लाख रुपये विस्वा के अनुसार मुआवजा दिया जाए। उक्त मांगे प्रशासन द्वारा 1 माह में पूरी नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक राष्ट्रीय पंचायत अयोध्या में आयोजित करने को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।इस मौके पर राजमणि यादव ,जे पी किसान, राम प्यारे धुरिया मौजूद थे।

## गंगा दशहरा के पावनपर्व पर ग्रीन गुरु ने किया पौध रोपण

मीरजापुर(एजेंसी)। गंगा दशहरा अवसर पर 3276 वें दिन लगातार पौधा रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक, सचिव अनिल कुमार सिंह उर्फ ग्रीन गुरु ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया है। 1 जुलाई 2015 से लगातार प्रतिदिन किये जा रहे पौध रोपण के 3276 वें दिन के क्रम में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मेरा आंगन मेरी हरियाली के तहत जेपी पुरम कॉलोनी कतवारू के पूरा, पुरानी दशमी वार्ड, मीरजापुर के गमले में मोरपंखी के पौध का रोपण अभिनव सिंह के सहयोग से किया गया। साथ ही गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जीवनधारा नमामि गंगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. हरिओम शर्मा के निर्देशन में राष्ट्रीय जल मिशन के तहत जल सपथ भी लिया।

## पिताश्री सम्मान से नवाजे गये हरिकृष्ण अरोड़ा व डा. जावेद अख्तर

***-फादर्स डे पर अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित हुए सम्मान समारोह***




अयोध्या(एजेंसी)। फादर्स डे के अवसर पर अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहर के मोतीबाग स्थित आभा होटल के सभागार में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण हनुमत सदन अयोध्या द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण का ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा, ट्रस्ट की उपाध्यक्ष भारती सिंह , उपाध्यक्ष मंजूर खान, कोषाध्यक्ष एकता टण्डन ने पटका पहनाकर, माल्यार्पण करके व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत व अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण ने पत्रकारिता के क्षेत्र में हरिकृष्ण अरोड़ा का पटका व साफा बाँधकर तथा स्मृति चिन्ह देकर पिताश्री सम्मान से सम्मानित किया। बीमार होने के कारण पिताश्री सम्मान लेने वरिष्ठ चिकित्सक डा. जावेद अख्तर नहीं उपस्थित हो पाये उनका सम्मान ट्रस्ट उनके घर ले जाकर देगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आचार्य मिथलेश नन्दिनी शरण जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिता का स्थान प्रभु से बड़ा है पिता का त्याग, तपस्या, प्यार अनमोल है। दुनिया में पिता ही एक ऐसा है जो चाहता है कि मेरा पुत्र मुझसे ज्यादा कामयाब हो। इसलिये पिता का स्थान जीवन में अहम होता है जिसने अपने पिता की सेवा व सम्मान नहीं किया वह जीवन में सफलता के रास्ते पर कभी बढ़ नहीं सकता। पिता की सेवा में ही भगवान बसता है।अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेन्द्रा ने कहा कि पिता से अच्छा मार्गदर्शक और कोई नहीं हो सकता। इसको जानते हुए भी लोग अपने पिता का सम्मान नहीं करते यह एक सोचनीय विषय है। पुत्र को अपने पिता की सेवा निस्वार्थधर्म समझकर करना चाहिए। कार्यक्रम में कवियत्री अर्चना द्विवेदी व सुनीता पाठक ने अपने रचनाओं से लोगों का मन मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ट्रस्ट के संरक्षक प्रीतम सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता वर्तमान में अत्यन्त जरूरी है। बड़ी संख्या में पिता अपने पुत्रों से कठिन समय में अलग जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालों में साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सीताराम अग्रवाल, ट्रस्ट के संरक्षक राम बहल जी, ब्रह्मकुमारी संस्था की वी.के. अलका, प्रो. कृष्ण मुरारी सिंह ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. सीताराम अग्रवाल, राम बहल जी, उपाध्यक्ष कवीन्द्र साहनी, कोषाध्यक्ष एकता टण्डन, उपाध्यक्ष मंजूर खान, उमेश चन्द्र इंजीनियर, अवधेश कुमार शुक्ला, राजन अरोड़ा, विनोद कुमार शर्मा, श्रीमती गुड़िया मौर्या, श्रीमती मीना श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा विश्वकर्मा, कंचन राठौर, दीप्ती सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## बालक की नदी में डूबकर हुई मौत, परिजनों में कोहराम

ड्रमंडगंज, मीरजापुर(एजेंसी)।ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में रविवार सुबह सेवटी नदी में नहाने गए प्रयागराज जिला निवासी 11 वर्षीय बालक की डूबकर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र के पांती गांव निवासी स्वर्गीय शिव चरण भूंज का 11 वर्षीय पुत्र दीपक भूंज हलिया थाना क्षेत्र पवांरी कलां गांव में अपनी बहन रोशनी भूंज के यहां तीन वर्षों से रह रहा था। रविवार सुबह बहन रोशनी को बिना बताए दीपक घर से एक किलोमीटर दूर बंजारी कलां गांव स्थित सेवटी नदी के बनियान घाट पर नहाने के लिए पहुंच गया जहां नहाते समय गहरे पानी में जाने से डूबकर मौत हो गई। काफी देर तक इकलौते भाई के घर नही पहुंचने पर बहन खोजबीन करते हुए सेवटी नदी पर पहुंची तो भाई का शव नदी के पानी में उतराया देख दहाड़े मारकर रोने लगी। चीख–पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अरविंद कुमार सरोज एस आई अवधेश सिंह, श्याम लाल ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को नदी के घाट पर मृत बालक का कपड़ा और उसका चप्पल मिला। प्रयागराज जिला निवासी मृत बालक दीपक के माता–पिता की मौत हो जाने के बाद तीन वर्ष से क्षेत्र के पवांरी कलां गांव निवासी बहन रोशनी भूंज अपने इकलौते भाई का पालन–पोषण कर रही थी।भाई को पढ़ने के लिए गांव के प्राथमिक विद्यालय में भेजती थी। मृतक कक्षा चार का छात्र था।मृतक का जीजा बबलू भूंज रोजगार की तलाश में बाहर गया हुआ है।भाई की मौत से रोते बिलखते हुए बहन रोशनी बेसुध हो जा रही थी। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि बहन के घर रह रहे भाई की नदी में नहाते समय गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई है। घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## लड़की को भगाने के मामले में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

ड्रमंडगंज, मीरजापुर(एजेंसी)।हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की के पिता ने गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध रविवार को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में कहा है कि 1द्2 जून की रात गांव का ही एक व्यक्ति हमारी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया घर वाले काफी खोज बीन किया परन्तु कही पता नहीं चला उस समय मै बाहर था घर आने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध पुत्री को बहला फुसला कर भागाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस जांच पडताल में जुट गयी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि लड़की के पिता ने पुत्री को बहला फुसला कर भगवाने का गाँव निवासी एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। गांव के ही एक व्यक्ति के विरुद्ध रविवार को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में कहा है कि 1द्2 जून की रात गांव का ही एक व्यक्ति हमारी लड़की को बहला फुसला कर भगा ले गया

## मंडलीय अस्पताल में टला बड़ा हादसा

मीरजापुर(एजेंसी)। मंडलीय अस्पताल में रविवार को एक बड़ा हादसा होते होते टला है। दरअसल, रविवार को दोपहर में अचानक मंडलीय अस्पताल का वर्षो पुराना नीम के पेड़ का एक भाग टूट कर गिर पड़ा। जिसकी चपेट में आने से लोग बाल बाल बचे हैं। बताते चलें कि अस्पताल पुलिस चौकी और जन औषधि केंद्र के बीच कई वर्षो पुराना नीम का पेड़ स्थित है। रविवार को दोपहर अचानक देखते ही देखते पेड़ का एक हिस्सा टूट कर गिर पड़ा संयोग अच्छा था कि रविवार की छुट्टी के कारण उक्त स्थान खाली पड़ा हुआ था।

## सुनील यादव फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष व अशोक महामंत्री निर्वाचित

***-फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश का हुआ प्रांतीय अधिवेशन***

अयोध्या(एजेंसी)। फार्मेसिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अधिवेशन में हुए चुनाव में शनिवार को अध्यक्ष पद पर सुनील यादव, महामंत्री पद पर अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जे पी नायक, उपाध्यक्ष पद पर राजेश सिंह, विद्याधर पाठक, शिव करन यादव, संगठन मंत्री पद पर आर पी सिंह विसेन, संयुक्त मंत्री पद पर विवेक पाल, कोषाध्यक्ष पद पर सत्य प्रकाश संप्रेक्षक पद पर सचिन मित्तल निर्विरोध निर्वाचित हुए । सर्वसम्मति से के के सचान, शिव प्रसाद, किरन सिंह को संरक्षक चुना गया । यह अधिवेशन अयोध्या में हुआ है। निर्वाचन, चुनाव अधिकारी अमरपाल सिंह, आर के मिश्रा, जे पी गौड़ द्वारा संपन्न किया गया । जय सिंह सचान को सेवानिवृत्त विंग का अध्यक्ष, ओ पी सिंह को महामंत्री , नवी मोहम्मद को उपाध्यक्ष, आदेश कृष्ण को यूथ फेडरेशन का अध्यक्ष, उपेंद्र को संरक्षक, देवेंद्र सिंह को महासचिव, वैज्ञानिक समिति के केंद्रीय शाखा का चेयरमैन प्रो हरलोकेश नारायन एम्स नई दिल्ली, प्रदेश शाखा के चेयरमैन पद पर प्रो डॉ संजय यादव को नामित किया गया। वैज्ञानिक समिति का अन्य राज्यों में विस्तार किया गया। अधिवेशन के प्रथम सत्र में वैज्ञानिक सेमिनार संपन्न हुआ जिसमें डॉ अजय शुक्ला प्रोफेसर अवध यूनिवर्सिटी ने बढ़ते तापमान में दवाओं की सुरक्षा प्रबंधन, प्रो संजय यादव, प्रोफेसर शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी ने फार्मेसी का भविष्य और स्टोर मैनेजमेंट, डॉ चंदन प्रधानाचार्य ने औषधियों की संरचना विषय पर व्याख्यान दिया । अधिवेशन में डॉ अजय शुक्ला के रिसर्च और विभिन्न जर्नल में छपे हुए आर्टिकल को देखते हुए उन्हें युवा वैज्ञानिक अन्वेषक की उपाधि प्रदान किया गया । जनपद शाखा बाराबंकी को सबसे उत्कृष्ट शाखा की उपाधि दी गई । दूसरे चरण में हुए सम्मेलन में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि सिविल सर्विसेज के लिए बी फॉर्म को अहर्कारी माना जाए, फार्मेसिस्ट की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता भारत सरकार की भांति करते हुए डिप्लोमा के साथ बैचलर को भी जोड़ा जाए । पदनाम परिवर्तन कर फार्मेसी अधिकारी किया जाए । निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि सभी विधाओं के फार्मेसिस्टो में एकता स्थापित करने , संघों को मजबूत करने के लिए फेडरेशन कार्य करेगा । फार्मेसिस्टो का ज्ञान बढाने के लिए नियमित वैज्ञानिक सेमिनार होंगे ।

## दलित महिला की पिटाई को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। दलित महिला की पिटाई को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी के साथ दलित उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे छत्तू निवासी उमेश सरोज की पत्नी रेखा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को आरोपी के मवेशी उसके घर में घुसकर गेंहू खाने लगे। पीडिता ने आरोपियो से उलाहना दिया तो आरोपी विजय यादव पुत्र गयादीन तथा सचिन पुत्र विजय उसे जातिसूचक गालियां देने लगे। मना किया तो आरोपियो ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी पीडिता को धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी विजय समेत तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओ मे सोमवार की रात केस दर्ज किया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट की घटना में जानलेवा हमले को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा तोडफोड व मारपीट एवं धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे खरगू कैथौला निवासी शिवशंकर उपाध्याय पुत्र स्व. रामगोपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को वह रानीगंज कैथौला बाजार से सामान खरीदकर घर जा रहा था। थोडी दूर पर ही पहले से लामबंद कलापुर गावं के प्रिन्स सिंह पुत्र बबलू व सुमित पुत्र मलखान एवं सागर तथा संदीप पुत्रगण समरजीत ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीडित ने मना किया तो आरोपी लाठी डण्डे व धारदार हथियार से हमलावर हो उठे। आरोपियों ने पीडित पर प्राणघातक हमला कर उसे गंभीर रूप से चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी गृहस्थी के सामान में तोडफोड करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्रिंस समेत चार के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर आरोपियों ने पीडित को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ सोमवार की रात केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सांई की कुटी वार्ड निवासी जितेन्द्र सरोज पुत्र रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पन्द्रह जून को केशवपुर बाजार में कान का पुरवा बेलहा निवासी आरोपी अंकित पुत्र रामलाल तथा गुडडू पुत्र गुलाम सरोज व मनोज पुत्र कैलाश उसे गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट कर उसे चुटहिल कर दिया। बाजार में लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को पूजे गये हनुमतलला, भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु

लालगंज, प्रतापगढ़। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को मन्दिरों और घरों में हनुमान जी महराज की पूजा अर्चना में भक्तों को संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलवीरा के सुमिरन में देखा गया। वही बाजारो तथा धार्मिक स्थलों पर भण्डारे में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद व जगह जगह हुए शरबत वितरण में गला तर किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में रमेश तिवारी व कुसुम तिवारी के संयोजन में सुन्दरकाण्ड के पाठ व सामूहिक हवन में श्रद्धालु भगवान की आराधना में भावविभोर दिखे। यहां आयोजन में बाबा उमाशंकर मिश्र, शोभ नाथ तिवारी, तारा मिश्रा, अरूण पाण्डेय, रामकृष्ण मिश्र, रामबोधा शुक्ल, अनिल महेश ने प्रबन्धन में सराहनीय भूमिका निभायी। लालगंज के उदियापुर में हाइवे किनारे स्थित हनुमान जी के मंदिर में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के पाठ में श्रद्धालु उमड़े दिखे। कार्यक्रम का संयोजन समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद मौर्य ने किया। वही पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में देवाधिदेव महादेव के श्रृंगार को भगवान बजरंग बली के स्वरूप में भव्यता को श्रद्धालु अपलक निहारते दिखे। यहां महन्त मयंक भाल गिरि के संयोजन में हनुमान जी की विशेष आरती में श्रद्धालुओं का समागम दिखा। ज्येष्ठ माह के मंगलवार को लेकर लालगंज समेत बाजारों में राहगीरों तथा श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह हनुमान भक्तों ने शरबत वितरण का भी उत्साहजनक प्रबंधन किया।

## प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर चयनित हुए अभिषेक, खुशी



लालगंज प्रतापगढ़। लालगंज तहसील क्षेत्र के कुम्भीआइमा निवासी मेधावी का चयन उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन में प्रोजेक्ट मैनेजर पद पर होने को लेकर खुशी का माहौल दिखा है। गांव के प्रमोद तिवारी तहसील में वरिष्ठ अधिवक्ता हैं। इनके पुत्र अभिषेक की सफलता पर साथियों में भी खुशी देखी गयी है। वहीं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी अभिषेक की सफलता को रामपुर खास की मेधा की बड़ी सफलता कहा है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मिथिलेश त्रिपाठी, संजय सिंह, विनोद शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, प्रभात श्रीवास्तव, प्रेमचन्द्र त्रिपाठी, अनूप पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद चन्द्र शुक्ल, ओपी जायसवाल, राजेन्द्र मिश्र, शिवमूर्ति यादव, संतोष पाण्डेय, लाल विनोद प्रताप सिंह आदि ने साथी अधिवक्ता के पुत्र की सफलता को अधिवक्ता समाज के लिए गौरवपूर्ण कहा है।

## मोस्ट महिला विंग की जिला कमेटी घोषित

सुलतानपुर(एजेंसी)। मोस्ट कल्याण संस्थान के जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव की सहमति से मोस्ट महिला विंग की जिला संयोजक सीमा बौद्ध ने मोस्ट महिला विंग की जिला कमेटी घोषित की, जिसमें राधा निषाद, पूजा बौद्ध, कंचन यादव, ताहिरा खान को जिला सह संयोजक एवं केशकुमारी निषाद को जिला महासचिव तथा अर्चना यादव, सोनमती निषाद, संजू निषाद, गीता बौद्ध, कंचन यादव, आरती बौद्ध, कविता भारती को जिला सचिव व सुमन यादव, स्वर्णलता बौद्ध, कुसुम यादव, पूनम बौद्ध, अन्तिमा यादव, अंजू बौद्ध, आँचल बौद्ध, सुषमा यादव को सदस्य नियुक्त किया है।

## भगवान का जन्म लोकमंगल और धर्म का शंखनाद-आचार्य देवव्रत जी



लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के ढ़िगवस गांव में हो रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी देख महिला श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की। कथाव्यास प्रयागराज धाम के आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि धरती पर बढ़ते पाप को असहय देख भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया। उन्होने कहा कि भगवान का जन्म लोकमंगल की रक्षा और पाप से धरती के बोझ को मिटाने के लिए हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की मनमोहक कथा समझाते हुए आचार्य देवव्रत जी ने बताया कि भगवान को भक्त जिस रूप में जपा करता है भगवान भी उसी रूप में उसे उसी भाव से प्रतिफल दिया करते हैं। उन्होने कहा कि कर्म की सुचिता ही भगवान द्वारिकाधीश की सच्ची आराधना है। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर व्यासपीठ से भजन संकीर्तन में श्रद्धालुओं को भी आनंदित देखा गया। श्रद्धालुओं ने भगवान की पालकी के साथ व्यासपीठ का भी पूजन अर्चन किया। कथा के संयोजक समाजसेवी रामप्रताप पाण्डेय व निर्मला पाण्डेय ने श्रीद्वारिकाधीश की आरती उतारी। इस मौके पर आदर्श मिश्र, लल्ले तिवारी, रज्जन मिश्र, प्रभाशंकर शुक्ल, प्रधान राजीव दुबे, अमित शुक्ल, हरीश मिश्र, मुकेश सिंह, रामकुमार पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, राकेश तिवारी, विकास पाण्डेय, अनिल महेश, विकास मिश्र, दिनेश सिंह आदि रहे। सह संयोजक शीतला प्रसाद पाण्डेय, देवप्रताप पाण्डेय तथा संतोष पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया।

## नये कानून के लागू होने से पीड़ितो एवं आरोपियो को मिलेगा विधिक लाभ- एडीजे वी.के गुप्ता



सुल्तानपुर (एजेंसी)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दीवानी न्यायालय परिसर स्थित सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज विजय कुमार गुप्ता ने काउंसिलस, पराविधिक स्वयं सेवक, पैनल लायर्स को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एक जुलाई 2024 से लागू होने जा रहा है। इसके बारे में सभी को जानकारी होना आवश्यक है। नए कानून के लागू हो जाने से पीड़ितों एवं आरोपियों को लाभ मिलेगा। जो पहले सिर्फ पीड़ित मात्र को ही मिलता था। दूसरे दिन के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए एलएडीसीएस के चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल तारकेश्वर सिंह अपने उद्बोधन में नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब तमाम ऐसे कानून बनाए गए हैं जिसमें थाने पर बैठए गए या गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी उनके घर तक पहुंचने के लिए एक सामाजिक कार्यकर्ता की तैनाती होगी। सात वर्ष से अधिक सजा वाली धाराओं में पुलिस को अब फॉरेंसिक टीम ले जाना आवश्यक कर दिया गया है।यही नहीं नए कानून में अब कुछ ऐसे शब्द जो समाज के लिए अच्छे बोलने में नहीं दिखते थे उन्हें भी बदला गया है । पागल खाना का नाम अब मानसिक स्वास्थ्य प्रतिष्ठान होगा। नए कानून के तहत पागल को अब बौद्धिक विकलांग अथवा मानसिक बीमारी वाला व्यक्ति कहा जाएगा। जेल में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सजा में ढील दी जा रही है। इसके अनुसार प्रथम अपराध करने वाले व्यक्ति को किसी भी धारा में सजयप्ता व्यक्ति को आधे से कम एक तिहाई समय की जेल काटने पर भी रिहा करने का प्रावधान किया गया है। दस वर्ष से अधिक की सजा वाली धाराओं में अब किसी भी व्यक्ति को अपराधी घोषित करने का अधिकार पुलिस को होगा। हथकड़ी लगाने वाले कानून में भी परिवर्तन किया गया है अब हार्ड क्रिमिनल अथवा आतंकवादी व देशद्रोह में लिप्त लोगों को हथकड़ी लगाकर न्यायालय में पेश किया जा सकता है। पुलिस अब संपत्ति को अपराधिक कृत्य के अनुसार पहले ही कुर्क कर सकती है मुकदमों को समय से निपटने के भी नए कानून में धाराओं के अनुसार बनाया गया है। इस अवसर पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल नागेंद्र सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल कुमारी अंजली, निधि सिंह, पैनल लायर्स अमित कुमार पांडेय प्रोबोनो सुभाष त्रिपाठी, सुनील कुमार वर्मा, नीतू यादव व पैरालीगल वायलेंटियर ऊषा शर्मा, अंजू सिंह श्रद्धांजलि झा, रागिनी मौर्य, सतीश कुमार पांड्ेय, योगेश यादव सोनी गुप्ता, सुनील कुमार राठौर, कृष्णा कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

## जेष्ठ माह के मंगलवार को हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

### पुलिस अधीक्षक ने हनुमान जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया दीप प्रज्ज्वलित एडीएम वित्त व प्रशासन, तथा एसडीएम नगर सहित नगर पालिका ईओ रहे मौजूद



सुल्तानपुर(एजेंसी)। जेष्ठ माह में प्रत्येक मंगलवार की तरह आज भक्ति भावनात्मक सोच को साकार करते हुए माह के अंतिम मंगलवार को राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ व काशी विश्वनाथ ग्रुप द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन नगर के तिकोनिया पार्क में किया गया। भंडारे का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एस सुधाकरन, नगर पालिका अधिशाषी अभियंता लाल चन्द्र सरोज, नगर तहसीलदार हृदय राम तिवारी, ने संयुक्त रूप हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर भक्तों को शरबत व प्रसाद वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न करने में लिए सुबह से ही जिला प्रशासन पूरी तरह सहयोग में लगा रहा। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सिना के निर्देश पर एसडीएम सदर ठाकुर प्रसाद, ईओ नगर पालिका लालचंद सरोज, प्रभारी सफाई निरीक्षक हनुमान सिंह ने सुबह से ही तिकोनिया पार्क पहुंचकर साफ सफाई जल छिड़काव, डेस्टबिन की व्यवस्था के रखरखाव का स्थलीय निरीक्षण किया। संघ के प्रवक्ता जयशंकर दूबे व रवि दूबे ने बताया था भण्डारे को सफल बनाने में किसी प्रकार का कोई व्यवधान न हो, सभी कार्यकर्ता तन–मन से समापन तक जुटे रहे, पत्रकारों में मुख्य रूप से वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे, समाजसेवी अमर बहादुर सिंह, पत्रकार श्रीकृष्णा पांडे, राकेश तिवारी, मनोज मिश्रा, राजबहादुर यादव, सूर्य प्रकाश तिवारी, सहित पत्रकारों का एक दल मौजूद रहा।

कार्यकर्ता के रूप में मुख्य रूप से अवधेशानंद गिरी, अनिल अग्रहरि, भीमदेव जायसवाल, शिव शंकर पांडे, हरेंद्र सिंह, बब्लू जायसवाल, प्रिंस अग्रहरि सौरभ सिंह अभिषेक सिंह, निखिल बरनवाल, रविंद्र प्रताप सिंह उर्फ पप्पू काका, राकेश सिंह उर्फ इंदू, बजरंगी साहू, रवि यादव,कमलेश तिवारी, शेर बहादुर यादव, कल्लू सोनी, रामकरन यादव, सतीश यादव, अजय कुमार सिंह, अंकुश श्रीवास्तव, विकास यादव एडवोकेट, अशोक यादव, रामशरन जायसवाल, सुनील सिंह, गौरी शंकर जायसवाल राम समुझ कश्यप सहित अन्य लोग भंडारे के उपस्थित रहे। लगभग हजारों की संख्या में हनुमान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ द्वारा आयोजित भंडारे में बेजुबान जानवरों को प्यास बुझाने के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के अलावा जिला प्रशासन के सभी जिम्मेदार अधिकारियों ने सीमेंटेड हौज में जलभराव कर शुभारंभ करते हुए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नगर के नुक्कड़ों पर सीमेंटेड हौज रखवाने में पूरा सहयोग किया जायेगा।

## कानपुर : हैलट अस्पताल में छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल

कानपुर। आज यहां मंगलवार दोपहर हैलट अस्पताल में छज्जा गिरने से दो मजदूर घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के समय दोनों मजदूर छज्जा तोड़ रहे थे तभी टूटने से छज्जे समय दोनों नीचे आ गिरे इसके बाद दोनों को गंभीर हालत में तत्काल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां दोनों का उपचार चल रहा है। मजदूरों के सिर, कमर और हाथ में चोट आई है। इसकी सूचना मिलने पर अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही घायलों का भी हाल जाना।अवगत करा दें कि हैलट अस्पताल के पीछे सब स्टेशन का निर्माण चल रहा है। बताया गया की घटना के समय यहां पर दोपहर में करीब 4 मजदूर काम कर रहे थे। दो मजदूर छज्जा तोड़ने में लगे थे। छज्जा पुराना और जर्जर था। इसलिए आचनक से पूरा छज्जा नीचे आ गिरा। छज्जे के साथ दोनों मजदूर सूरज और सन्नी भी नीचे आ गिरे, जिससे की वह घायल हो गए। मजदूरों के गिरते ही घटना स्थल पर हड़कंप मच गया। साथी मजदूर और ठेकेदार मिलकर दोनों घायलों को इमरजेंसी ले गए। इसके बाद घटना की जानकारी प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह को दी गई। वह तुरंत पहले घटना स्थल पर गए, यहां पर उन्होंने ठेकेदार व साथी मजदूरों से बातचीत की। फिर घायल मजदूरों से मिलने भी पहुंचे। साथ ही सभी सुरक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य करने के भी निर्देश ठेके दार को दिए।

## ड्रेन में गिरने से गाय की मौत,खुले हुए नाले दे रहे हैं हादसों को दावत

नोएडा,18 जून 2024 (यूएनएस)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के क्षेत्र नॉलेज पार्क 3 में कौशल्या गर्ल हॉस्टल के सामने ड्रेन की स्लेव टूटे होने के कारण एक गाय उस ड्रेन में गिर गई। जिसको काफी देर तक कोई देख नहीं पाया और बड़ी बेरहमी से गाय की मौत हो गई। वहीं एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्यों ने गाय की मौत को गाय की हत्या बताया है और इसके लिए ठेकेदार से लेकर प्राधिकरण के अधिकारियों को जिम्मेदार बताया। एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य हरेंद्र भाटी ने बताया कि हमारे द्वारा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को फोटो एवं वीडियो के माध्यम से टूटे नालों की शिकायतें लगातार कराई गई है, ताकि कोई जनमानस या किसी जानवर को हानि न पहुंचे। लेकिन ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी इन समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे। जिसके कारण आए दिन जनमानस एवं गोवंश की मौत होती रहती है। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बहुत बड़ी लापरवाही से आए दिन गोवंश की मौत होती रहती है।

## शारदा अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ी,45 डिग्री तक पहुंचा तापमान

नोएडा,18 जून 2024 (यूएनएस)। देश के कई राज्यों में अभी भी गर्मी के कारण सभी का हाल बेहाल है। गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। वहीं एसी–कूलर भी फेल हो गए। शहर के कई इलाकों में पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया है। ग्रेनो नॉलेज पार्क स्थित शारदा अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कुछ मरीजों को एडमिट करना पड़ रहा है। शारदा हॉस्पिटल के सीनियर फिजिशियन डॉ. भूमेश त्यागी के मुताबिक हीट स्ट्रोक तब होता है, जब शरीर अपने बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में सक्षम नहीं होता है। शरीर को ठंडा करने में मदद करने वाले पसीने का मैकेनिज्म भी फेल हो जाता है। हीट–स्ट्रोक के लक्षण अगर पहचान लिए जाएं तो उसके इलाज में समय रहते मदद मिल सकती है। इसलिए हीट–स्ट्रोक के सारे लक्षणों की पहचान होना जरूरी है। सिर दर्द, तेज बुखार, होश खो देना, मानसिक स्थिति बिगड़ना, मतली और उल्टी, त्वचा का लाल होना, हार्ट रेट बढ़ना, त्वचा का नर्म होना, त्वचा का सूखना और डिमेंशिया इसके कॉमन लक्षण हैं। जैसे ही ये लक्षण दिखें तुरंत कहीं न कहीं बैठ जाएं, पानी पिएं और अगर संभव हो तो नमक–चीनी और पानी का घोल पिएं।

## जेष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार पर वितरित किया गया शरबत



बल्दीराय/सुलतानपुर(एजेंसी)। पारा बाजार से सुल्तानपुर रोड पर स्थित उपासना सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण सेंटर पर रोड पर आज जेष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के शुभ अवसर पर आने जाने वाले हजारों राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। शरबत वितरण का आयोजन गोमती मित्र मंडल समिति बल्दीराय के राजू वर्मा पूर्व प्रधान कस्बा व पत्रकार बब्बन वर्मा के द्वारा किया गया। शरबत वितरण का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य व गोमती मंडल समिति बल्दीराय तहसील के प्रबंधक बद्रीनाथ यादव एवं केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष महेश जायसवाल, प्रधान नरसडा पवन अग्रहरि बजरंग दल के ननकऊ साहू रामवृक्ष वर्मा शिक्षक रामदेव यादव, पवन रावत आदि के द्वारा बजरंगबली की सामूहिक पूजा पाठ कर शरबत वितरण शुरू किया गया। शरबत वितरण में रामकरण विश्वकर्मा, हिमांशु वर्मा, अंशुल, पंकज सुनील अमन वर्मा रिंकू महेश सचिन, लवकुश अग्रहरि, राजीव वर्मा अभय राज अनुराग कुलदीप बृजनाथ यादव, रंजीत, रामशुभावन, राम बरन बर्मा सत्य प्रकाश बर्मा पत्रकार सरवर हुसैन आदि लोग मौजूद रहकर आने जाने वाले वाहनों को रोक–रोक कर शरबत का वितरण किया साथ ही जय बजरंगबली जय हनुमान के जयकारें भी लगाते रहे।

## स्वशासी राजकीय महाविद्यालय की इमर्जेंसी में बढ़ाई गई अतिरिक्तडाक्टरों की टीम



सुल्तानपुर(एजेंसी)। हीटवेब के चलते प्रशासन किसी भी प्रकार की चूक से बचने का नित नये उपाय खोज रहा है, जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रतिदिन सुबह–शाम मुख्य चिकित्साधिकारीध्नोडल डां.ओम प्रकाश चौधरी स्वशासी राजकीय महाविद्यालय का दौरा करते नजर आ रहे है। इमर्जेंसी में भर्ती एक–एक मरीजों से मिलकर उनके ईलाज की जानकारी व डॉक्टरों को पूरी निष्ठापूर्वक काम करने की नसीहत करते दिखाई दे रहे है। उनके साथ स्वशासी राजकीय महाविद्यालयधजिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधिक्षक डां. एसके गोयल व स्टाफ नजर आ रहे है। सीएमओ डां.ओम प्रकाश चौधरी व सीएमएस डां.एसके गोयल ने संयुक्त रूप से बताया कि मंगलवार से इमर्जेंसी में अतिरिक्त डॉक्टरों का पैनल बनाया गया है। अब आवश्यक सेवा में तीन डाक्टर 24 घंटे रहेगें, हीटवेब की शुरूआत से इमर्जेंसी में दो डाक्टर लगाए गए थे, लेकिन मंगलवार से मरीजों की बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए 10 डाक्टरों का पैनल बनाया गया है। जिसमें डां.दिनेश, डां.डीबी सिंह, डां.राजेश मिश्रा, डां.एएन तिवारी, डां.अबसार, डां.रमेश, डां. सबाहुद्दीन, डां.इमरान युसुफ, डां.अजय सोनी और डां.सहबान को प्रातः8 बजे से 2 बजे, अपराह्न 2 बजे से रात 8 बजे और 8 बजे से सुबह 8 बजे तक स्वशासी राजकीय महाविद्यालय की इमर्जेंसी सभांलेगें। मंगलवार से 24 घंटे आपात कालीन सेवा में तीन डाक्टर मौजूद रहेगें, मुख्य चिकित्साधिकारी डां.ओम प्रकाश चौधरी ने बताया स्थिति पूरी तरह हमारे कंट्रोल में है, हीटवेब ग्रसित मरीजों के इलाज की सारी तैयारी की गई है। उन्होनें कहाकि मेरे द्वारा प्रतिदिन सुबह–शाम स्वशासी राजकीय महाविद्यालय की इमर्जेंसी का दौरा किया जा रहा है, भर्ती मरीजों से मिल रहा हूं उपचार से संतुष्ट है, किसी मरीज की शिकायते नही है, ड्यूटी पर मौजूद डाक्टरो से सुबह–शाम वार्ता करके समस्याओ का निस्तारण किया जा रहा है। वही मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसके गोयल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज की इमर्जेंसी में मरीजों के उपचार की सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध है, प्रचुर मात्रा में औषधि, अतिरिक्त वार्ड, विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के माध्यम से हम स्थित को आसानी से सभांल रहें हैं।

## जनपद वासियों के धैर्य की परीक्षा न ले विद्युत विभाग एवं जिला प्रशासन-वरुण मिश्र

सुलतानपुर(एजेंसी)। एक तरफ जनपद 46 डिग्री के भीषण ताप को सहने को मजबूर है वहीं दूसरी तरफ बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन के कानों पर जूं न रेंगने के कारण लोगों के भीतर जबरदस्त आक्रोश पनप रहा है वह किसी भी समय बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह बिजली का बिल वसूलने में बिजली विभाग और प्रशासन तत्परता दिखाते हैं वही तेजी आपूर्ति के समय क्यों नहीं दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि रात में 100 से ज्यादा बार लाइट ट्रिप होती है लेकिन किसी अधिकारी को इसकी परवाह नहीं है उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले पर हस्तक्षेप करने की मांग की है उन्होंने कहा कि भले ही एक तय समय का रोस्टर जारी हो जाय किंतु रात में इस भीषण गर्मी में निर्बाध रूप से होनी चाहिए,बुजुर्ग,बालक, नौकरीपेशा, छात्र,घरेलू महिलाएं सभी वर्तमान विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था से परेशान हैं ।

# पूरन शतक से चूके लेकिन विंडीज ने अफगानिस्तान को 104 रन से हराया





ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), 18 जून। निकोलस पूरन की 98 रन की जबरदस्त पारी और ओबेद मैकॉय के तीन विकेटों की बदौलत सह मेजबान वेस्ट इंडीज ने अफगानिस्तान को टी 20 विश्व कप के अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारतीय समयानुसार मंगलवार को 104 रन से करारी शिकस्त दी।पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने पर पूरन के 53 गेंदों पर 98 और चार्ल्स जॉनसन के 27 गेंदों पर 43 रन की बदौलत वेस्ट इंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन का मजबूत स्कोर बनाया जो टी 20 विश्व कप के इस संस्करण में किसी भी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। विंडीज ने श्रीलंका के नीदरलैंड्स के खिलाफ 2016 और ऑस्ट्रेलिया के इंग्लैंड के खिलाफ 2017 के स्कोर को पीछे छोड़ा।पूरन के शानदार 98 रन मौजूदा विश्व कप में किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक निजी स्कोर है। पूरन ने अमेरिका के आरोन जोंस के कनाडा के खिलाफ बनाये गए नाबाद 94 रन को पीछे छोड़ा। उन्होंने पुरुष टी 20 इतिहास में किसी वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक छक्के उड़ाने के रिकॉर्ड को तोड़ा। पूरन ने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए।विंडीज के विशाल स्कोर के जवाब में अफगानिस्तान की टीम 16.2 ओवर में 114 रन पर सिमट गयी और उसे इस विश्व कप में पहली हार का सामना करना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए विंडीज की शुरूआत तेज रही। हालांकि दूसरे ओवर में ब्रैंडन किंग (6 में 7) का विकेट मेजबान टीम की गति को रोक नहीं पाया। लेकिन, चार्ल्स और पूरन दोनों टॉप गियर में आ गए।चार्ल्स ने तीसरे ओवर में तीन चौके लगाए, जिसने पूरन को अंत के बदलाव के समय इस दुनिया से कुछ अलग करने के लिए प्रेरित किया। आईसीसी रिपोर्ट के अनुसार कीपर–बल्लेबाज ने अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर 36 रन बनाकर धमाका कर दिया – 6, 5 नोबॉल , 5वाइड, 0, 4लेग बाई, 4, 6, 6

पुरुषों के टी–20 इतिहास में यहपांचवीं बार है जब एक ओवर में 36 रन बने जबकि पुरुष विश्व कप में यह दूसरी बार है। उमरजई के ओवर की अंतिम गेंद पर छक्के से साझेदारी 50 तक पहुंची।इस जोड़ी ने आक्रमण जारी रखा और वेस्टइंडीज को छह ओवर में स्कोर 92/1 पहुंचा दिया, जो पुरुषों के टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है।

आठवें ओवर की समाप्ति पर दाएं हाथ के बल्लेबाज के आउट होने से पहले चार्ल्स की एक और बाउंड्री से विंडीज ने 7.4 ओवर में 100 रन का आंकड़ा छू लिया। इसने 80 रन की साझेदारी को समाप्त कर दिया जिसमें केवल छह ओवर लगे। मेजबान टीम ड्रिंक्स तक 113/2 पर पहुंच गई।

शाई होप के कैमियो (17 गेंदों में 25) ने रन रेट को दोहरे अंक में बनाए रखने में मदद की, क्योंकि 14 वें ओवर में पूरन ने बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया– उनके 50 रन सिर्फ 31 गेंदों पर आये और यह टी 20 विश्व कप में उनका पहला अर्धशतक था।

12 से 15 ओवर के दौरान बाउंड्रीज नहीं लगीं, जिससे मेजबान टीम का रन रेट 10 से नीचे आ गया। अफगानिस्तान के गेंदबाज तब तक नियंत्रण में थे जब तक कि 16वें ओवर की शुरुआत में रोवमैन पॉवेल ने छक्का नहीं लगाया, जिससे विंडीज 150 के पार पहुंच गई।

पूरन ने 18वें ओवर में राशिद खान की गेंद पर 24 रन बनाए, जो उनके चार ओवरों में 0/45 के साथ समाप्त हुआ। 19वें ओवर में पॉवेल 15 गेंदों पर 26 रन बनाकर आउट हो गए, जिससे आंद्रे रसेल क्रीज पर आए।

रसेल का लक्ष्य पूरन को स्ट्राइक पर वापस लाना था, क्योंकि अंतिम ओवर की शुरुआत में वह शतक से 15 रन पीछे थे। पूरन ने दो छक्के लगाए और एक रन लिया लेकिन उमरजई के सनसनीखेज थ्रो पर वह 53 गेंदों में 98 रन बनाकर रन आउट हो गए।

वेस्टइंडीज 218/5 पर समाप्त हुआ, जो उनका टी20 विश्व कप का सर्वोच्च स्कोर और टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने तीसरे ओवर में रहमानुल्लाह गुरबाज (3 गेंद पर 0) का विकेट खो दिया। पावरप्ले के अंत तक गुलबदीन नैब और इब्राहिम जादरान ने अफगानिस्तान को 45/1 तक पहुंचा दिया।

फिर, गुडाकेश मोती ने अगले ओवर में प्रहार किया, जिससे पारी के मध्य बिंदु पर अफगानिस्तान का स्कोर 66/5 हो गया।

ड्रिंक्स के बाद, 11वें ओवर में करीम जनत और उमरजई ने छक्के लगाए, लेकिन 13वें ओवर में उमरजई 19 गेंदों पर 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विंडीज ने मैदान पर दबदबा बनाया और अफगानिस्तान को 114 रन पर समेट दिया, जिससे अफगानिस्तान की इस विश्व कप में पहली हार हुई।

# इलेक्ट्रिसिटी केवाईसी अपडेट स्कैम रोकने के लिए केंद्र का बड़ा एक्शन, बंद किए 392 मोबाइल हैंडसेट




नई दिल्ली ,18 जून । केंद्र सरकार ने नागरिकों को इलेक्ट्रिसिटी केवाईसी अपडेट स्कैम से बचाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसमें उन मोबाइल नंबरों को बंद कर दिया गया है, जिनके जरिए इस फ्रॉड को अंजाम दिया जा रहा था। दूरसंचार विभाग (डीओटी) की ओर से धोखाधड़ी की गतिविधियों की जांच करने के लिए चक्षु पोर्टल का इस्तेमाल किया गया और शुरुआत में करीब पांच संदिग्ध मोबाइल नंबर को खोजा गया।

एआई आधारित इस पोर्टल से खुलासा हुआ कि 392 हैंडसेट से लिंक 31,740 मोबाइल नंबरों के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। इसके बाद डीओटी की ओर से सभी टेलीकॉम कंपनियों को आदेश दिया गया कि इन 392 हैंडसेट के आईएमईआई को ब्लॉक किया जाए। इनका इस्तेमाल साइबर क्राइम और वित्तीय धोखाधड़ी में हो रहा है।

इसके अलावा टेलीकॉम सेवाएं देने वाली कंपनियों से कहा गया कि इन 31,740 मोबाइल नंबरों का दोबारा से री–वेरिफिकेशन किया जाए। अगर री–वेरिफिकेशन फेल होता है तो इन मोबाइल नंबरों को तुरंत बंद किया जाए और साथ ही इनसे जुड़े हैंडसेट को ब्लॉक करें।

डीओटी की ओर से कहा गया कि नागरिकों की ओर से एसएमएस, व्हाट्सएप आदि के जरिए इलेक्ट्रिसिटी केवाईसी अपडेट स्कैम की जानकारी दी गई थी। इसमें जालसाज ग्राहकों के मोबाइल फोन पर कंट्रोल हासिल कर लेते थे। डीओटी के संचार साथी पोर्टल पर मौजूद चक्षु रिपोर्ट सस्पेक्टेड फ्रॉड कम्युनिकेशंस्य पर नागरिक संदिग्धा फ्रॉड को रिपोर्ट कर सकते हैं। इससे डीओटी को वित्तीय और साइबर फ्रॉड को रोकने में मदद मिलती है।

# Tata अब खरीदेगी Vivo की नोएडा स्थित फैक्ट्री, रिपोर्ट में हुआ दावा

डिक्सन ने विवो के साथ संयुक्त उद्यम के लिए प्रारंभिक चर्चा की पुष्टि की, जो ट्रांसियन होल्डिंग्स के साथ



पिछले सौदे के समान है। अप्रैल में डिक्सन ने ट्रांजिशन की इस्मार्टू इंडिया इकाई में 238.36 करोड़ रुपये में 50.10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना की घोषणा की थी जिसका लक्ष्य अंततः अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर लगभग 55 प्रतिशत करना था।चीनी स्मार्टफोन दिग्गज कंपनी वीवो अगले महीने यानी जुलाई में संभावित तौर पर भारत में सबसे बड़ी मोबाइल फोन विनिर्माण सुविधा खोलने की तैयारी में है। ये जानकारी इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट में सामने आई है। ये संयंत्र ग्रेटर नोएडा में स्थित है, जिसकी वार्षिक क्षमता 120 मिलियन डिवाइस की है। इस संयंत्र को 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से स्थापित किया गया है।विवो अपने विनिर्माण कार्यों के प्रबंधन के लिए सक्रिय रूप से एक भारतीय भागीदार की तलाश कर रहा है। टाटा समूह, मुरुगप्पा समूह और भारतीय अनुबंध निर्माता डिक्सन टेक्नोलॉजीज सहित कई संभावित भागीदारों के साथ चर्चा की गई है। हालांकि, मूल्यांकन पर मतभेदों के कारण कोई साझेदार की तलाश में है। हालांकि संयुक्त उद्यम के बारे में अभी तक कुछ भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है, लेकिन कुछ हितधारकों के साथ बातचीत चल रही है।ष्कंपनी ने हाल ही में अपनी पुरानी विनिर्माण इकाई को खाली कर दिया है, जिसकी वार्षिक क्षमता 40 मिलियन डिवाइस की थी। वीवो ने इसे पट्टे पर लिया था। इस संयंत्र को अब माइक्रोमैक्स इन्फॉर्मेटिक्स की विनिर्माण इकाई भगवती एंटरप्राइजेज ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। 170 एकड़ में फैली वीवो की नई इकाई, सैमसंग के मोबाइल फोन विनिर्माण संयंत्र के बराबर है, जो देश में सबसे बड़ा है, जिसकी वार्षिक क्षमता भी 120 मिलियन यूनिट है। इसका उद्घाटन 2018 में हुआ था। टाटा समूह इस वर्ष के प्रारंभ में वीवो के साथ बातचीत कर रहा था, लेकिन वर्तमान में वह आईफोन अनुबंध निर्माता विस्ट्रॉन की स्थानीय इकाई को एकीकृत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसे उसने पिछले वर्ष अधिग्रहित किया था।रिपोर्ट के अनुसार, समझौता अंतिम रूप नहीं ले पाया है। रिपोर्ट में एक सूत्र ने कहा, ष्वीवो अपने परिचालन के लिए एक मजबूत भारतीय

डिक्सन ने विवो के साथ संयुक्त उद्यम के लिए प्रारंभिक चर्चा की पुष्टि की, जो ट्रांसियन होल्डिंग्स के साथ पिछले सौदे के समान है। अप्रैल में डिक्सन ने ट्रांजिशन की इस्मार्टू इंडिया इकाई में 238.36 करोड़ रुपये में 50.10 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की योजना की घोषणा की थी, जिसका लक्ष्य अंततः अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर लगभग 55 प्रतिशत करना था।

# एलजी इलेक्ट्रानिक्स शेयरधारकों को देगी 6.52 करोड़ डालर का लाभांश




सोल ,18 जून । एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने मंगलवार को पहली छमाही के लिए अपने शेयरधारकों को 90 अरब वॉन (लगभग 6.52 करोड़ डॉलर) का लाभांश देने की घोषणा की। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में बताया कि शेयरधारकों को 30 जून को प्रति शेयर 500 वॉन मिलेंगे।

समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह लाभांश भुगतान एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की नई शेयरधारक रिटर्न नीति का हिस्सा है, जिसमें साल में दो बार लाभांश वितरित करना और लाभांश भुगतान अनुपात को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना शामिल है।एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने पिछले साल हर सामान्य शेयर पर 800 वॉन और पर प्रेफरेंशियल शेयर पर 850 वॉन का लाभांश दिया था।साल की पहली तिमाही में, बढ़ती लागत और तीव्र प्रतिस्पर्धा के कारण कंपनी का परिचालन लाभ एक साल पहले की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक गिर गया।कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि उसका पहली तिमाही का परिचालन लाभ 1.33 ट्रिलियन वॉन (लगभग 98.49 करोड़ डॉलर) रहा, जो एक साल पहले के 1.5 ट्रिलियन वॉन से 11 प्रतिशत कम है।बिक्री में सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 21.09 ट्रिलियन वॉन हो गई, जो किसी भी पहली तिमाही में कंपनी का रिकॉर्ड है। कंपनी ने शुद्ध आय आंकड़े नहीं बताये हैं।

# इस लड़के की नजर है कमाल, NASA और Google में गलती निकालने के बाद अब चैवदम च्म की भी कमी निकाल बैठा, मिलेगा सम्मान




उन्होंने ऐप की बड़ी गलती भी उजागर की है। इसके बाद फोन पे ने इसकी जांच की और उसे सही पाया है। कंपनी ने अब मयंक द्वारा इस गलती के सामने आने के बाद उसे सम्मानित करने का फैसला किया है।

फोन पे भी एक ऐप है, जिससे कई लोग लगातार छोटे बड़े ट्रांजेक्शन करने में लगे रहते है। इस ऐप से ट्रांजेक्शन करना कितना सेफ है और कितना नहीं इस बारे में काफी कम ही लोगों ने सोचा होगा। मगर क्या आप जानते हैं कि इस ऐप को कोई भी हैकर हैक कर सकता है। इसे ऐप को हाल ही में बिहार के भागलपुर के एक युवक ने हैक किया है। भागलपुर के मयंक ने फोन पे ऐप को हैक किया है।

साथ ही उन्होंने ऐप की बड़ी गलती भी उजागर की है। इसके बाद फोन पे ने इसकी जांच की और उसे सही पाया है। कंपनी ने अब मयंक द्वारा इस गलती के सामने आने के बाद उसे सम्मानित करने का फैसला किया है। निकाली फोन पे की गलती

एथिकल हैकिंग की दुनिया में मयंक ने तीसरी बार बड़ा काम किया है। उसकी इस मेहनत की बदौलत अब लाखों लोगों का बड़ा नुकसान होने से बच सकेगा। मयंक ने डिजिटल पेमेंट ऐप फोन पे की बड़ी गल्ती उजागर की है। मयंक ने फोन पे को ओटीपी के बिना ही लॉग इन करने में सफलता पा ली है, जो सुरक्षा के लिहाज से बहुत बड़ी कमी है। ऐसा करने के बाद उसे फोन पे को रिपोर्ट किया और कंपनी ने इसकी जांच कर मयंक द्वारा बताई गई गलती को सही पाया। अब कंपनी ने मयंक को हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है।

# बजट से पहले शेयर बाजार 77 हजार पार, सेंसेक्स और निफ्टी रिकार्ड हाई पर



मुंबई ,18 जून । भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशरू 77,326 अंक और 23,573 अंक का नया कीर्तिमान बनाया। सुबह 9रू40 पर सेंसेक्स 226 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,219 अंक पर और निफ्टी 77 अंक या 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,543 अंक पर था।बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। एनएसई पर 1,735 शेयर हरे निशान में और 348 लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 140 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 55,365 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 127 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,171 अंक पर था। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू, एफएमसीजी, धातु, रियल्टी और ऊर्जा सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि फार्मा और वित्तीय सेवाओं के सेक्टरों पर दबाव देखा जा रहा है।सेंसेक्स में विप्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, एसबीआई और एलएंडटी में सबसे ज्यादा बढ़त रही। मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया।

चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि गैप–अप ओपनिंग के बाद निफ्टी का सपोर्ट 23,400 अंक पर और फिर 23,300 अंक तथा 23,200 अंक पर है। बढ़त की तरफ देखें तो 23,550 अंक के बाद 23,650 अंक और 23,700 अंक एक बड़ी रुकावट है।एशिया के ज्यादातर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, बैंकॉक और सोल के बाजारों में बढ़त है। हालांकि, हांगकांग और जकार्ता के बाजार गिरावट में हैं। अमेरिकी बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 84 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल पर है।

# बीसीसीआई टीम इंडिया के प्रमुख कोच के लिए गंभीर का साक्षात्कार लेगा



नई दिल्ली, 18 जून। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) पुरुष क्रिकेट टीम के प्रमुख कोच पद के लिए पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर का साक्षात्कार लेगा।सूत्रों ने बताया कि बीसीसीआई सचिव जय शाह और अन्य अधिकारी यह साक्षात्कार लेंगे। बीसीसीआई के निकटस्थ सूत्र ने कहा, गौती (गौतम गंभीर) आज बीसीसीआई मुख्यालय में साक्षात्कार के लिए लगभग 12 बजे मुम्बई पहुंचेंगे। इस बात की लगभग पुष्टि हो गयी है कि वह टीम इंडिया के अगले मुख्य कोच होंगे। बीसीसीआई ने गंभीर द्वारा पेश की गयी शर्तों को मान लिया है और मुख्य कोच की जानकारी जल्द ही सामने आ जायेगी। बैठक 2 से 4 के बीच होनी निर्धारित है।गंभीर ने मुख्य कोच पद के लिए कुछ मांगे बीसीसीआई के सामने रखी हैं जैसे टीम पर पूरा नियंत्रण, सफेद और लाल गेंद के लिए अलग–अलग टीमें, जो समझता है कि बीसीसीआई ने मान ली हैं और उन्हें नियुक्त करने के लिए उत्सुक है।बीसीसीआई ने मुख्य कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे जिसकी समय सीमा 27 मई थी। नौकरी विवरण के अनुसार, नया भारतीय पुरुष मुख्य कोच जुलाई 2024 से दिसंबर 2027 तक तीनों प्रारूपों के लिए होगा।भारत के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का मूल अनुबंध नवंबर में 2021 टी20 विश्व कप के बाद शुरू हुआ था और घरेलू मैदान पर 2023 वनडे विश्व कप के साथ समाप्त हो गया था और इसे इस साल के टी20 विश्व कप टूर्नामेंट तक बढ़ा दिया गया था।

# मजबूत वैश्विक संकेतों से रिकॉर्ड उंचाई पर खुले शेयर बाजार



मुंबई ,18 जून । भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशरू 77,326 अंक और 23,573 अंक का नया कीर्तिमान बनाया।

सुबह 9रू40 पर सेंसेक्स 226 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,219 अंक पर और निफ्टी 77 अंक या 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,543 अंक पर था।

बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी जा रही है। एनएसई पर 1,735 शेयर हरे निशान में और 348 लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 140 अंक या 0.25 प्रतिशत चढ़कर 55,365 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 127 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,171 अंक पर था।

सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, पीएसयू, एफएमसीजी, धातु, रियल्टी और ऊर्जा सूचकांक हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि फार्मा और वित्तीय सेवाओं के सेक्टरों पर दबाव देखा जा रहा है।

सेंसेक्स में विप्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, एसबीआई और एलएंडटी में सबसे ज्यादा बढ़त रही। मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया।

चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि गैप–अप ओपनिंग के बाद निफ्टी का सपोर्ट 23,400 अंक पर और फिर 23,300 अंक तथा 23,200 अंक पर है। बढ़त की तरफ देखें तो 23,550 अंक के बाद 23,650 अंक और 23,700 अंक एक बड़ी रुकावट है।

एशिया के ज्यादातर बाजारों में तेजी के साथ कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, बैंकॉक और सोल के बाजारों में बढ़त है। हालांकि, हांगकांग और जकार्ता के बाजार गिरावट में हैं। अमेरिकी बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 84 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल पर है।

# फिच ने भारत का विकास अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत किया




नई दिल्ली ,18 जून । अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। पहले उसने मौजूदा वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया था। वैश्विक स्तर पर उथल–पुथल भरे माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दूसरे देशों के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023–24 में विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है।फिच की ओर से जारी अनुमान में बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2025–26 और वित्त वर्ष 2026–27 में क्रमशरू 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत रह सकती है।महंगाई पर रेटिंग एजेंसी का कहना है कि इस वर्ष के आखिर में खुदरा महंगाई दर 4.5 प्रतिशत पर आ सकती है। वहीं, 2025 और 2026 में इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



# अल्का याग्निक को सुनने में तकलीफ, लगाई मशीन

Uब्बे के दशक की सबसे दिलकश आवाज अब एक दर्द से गुजर रही है। ये आवाज है अल्का याग्निक की जिन्होंने नब्बे के दशक के हर गाने को अपने सुरों से सजाया और मिठास से भर दिया। इसके बाद भी अलका याग्निक के गाए कई गाने रिलीज हुए। साथ ही वो रियलिटी शोज में भी नजर आती रहीं। हाल ही में अल्का याग्निक ने एक पोस्ट शेयर किया जिसे पढ़ कर उनके चाहने वाले उनके सेहतयाब होने की दुआ कर रहे हैं। असल में अलका याग्निक को हियरिंग लॉस होने लगा है। इसकी जानकारी खुद उन्होंने इंस्टाग्राम पर दी।

अलका याग्निक ही नहीं कुछ और भी म्यूजिशियन हैं, जो इस तकलीफ से गुजर चुके हैं। इनमें क्रिस मार्टिन हैं। कोल्ड प्ले के इस लीड सिंगर को बचपन से लाउड म्यूजिक सुनने की आदत थी। जिसकी वजह से वो हियरिंग लॉस का शिकार हुए। वो कानों के प्रोटेक्शन के लिए मोल्डेड फिल्टर प्लग्स पहने की सलाह देते हैं। इसी तरह नील यंग कनाडा के नामी सॉन्ग राइटर्स में से एक हैं। जो लंबे समय तक टिनिटस नाम की बीमारी से जूझते रहे। इस तरह के हियरिंग लॉस में पीड़ित को कानों में रिंग सुनाई देती रहती है। इस बीमारी की वजह से नील यंग ने सॉफ्ट म्यूजिक क्रिएट किया ताकि वो खुद उसे सुन सकें।

लाउड म्यूजिक की बात होगी तो ओजी ऑस्बर्न का नाम सबसे पहले याद आएगा जिनके नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दर्ज है, सबसे लंबी क्राउड स्क्रीमिंग का। ये म्यूजिशियन परमानेंट टिनिटस से पीड़ित हैं। जेनेसिस के लीड सिंगर फिल कोलिंस को अचानक हियरिंग लॉस का सामना करना पड़ा। अपनी बेटी के साथ वीडियो गेम खेलते खेलते अचानक लेफ्ट कान से उन्हें सुनाई देना बंद हो गया। अब सुनने के लिए वो हियरिंग एड का इस्तेमाल करते हैं। एरिक क्लैपटन का बैंड शुरुआती दौर में लाउड हुआ करता था जिसकी वजह से धीरे धीरे वो भी टिनिटस के शिकार हो गए। कुछ लोगों का ये भी दावा है कि सिंगर को एक कान से बहुत कम सुनाई देता है। ¼fgQh½

# कृति खरबंदा ने भारतीय सिनेमा में पूरे किए 15 साल, शेयर किया दिल को छू लेने वाला संदेश

शादी में जरूर आना, कारवां, हाउसफुल 4 और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सिनेमा में 15 साल पूरे कर लिए हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने सफर को याद करते हुए एक लंबा नोट लिखा।



उन्होंने अपनी कन्नड़ फिल्म गुगली के रिलीज होने के समय की एक दिलचस्प कहानी भी शेयर की।

2009 में तेलुगू फिल्म बोनी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री ने अपने नोट की शुरुआत में लिखा, मैंने पिछले 15 साल, यानी अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा एक अभिनेत्री के रूप में बिताया है। जो एक शौक के रूप में शुरू हुआ, बिलों का भुगतान करने और पहचान पाने का एक तरीका था, वह धीरे–धीरे एक जुनून में बदल गया! एक ऐसा जुनून जिसके बारे में मुझे पता भी नहीं था कि वह मेरे अंदर मौजूद है।

उन्होंने बताया कि अपने सफर के दौरान, वह एक इंसान और एक अभिनेता के रूप में विकसित हुईं। इस दौरान व्यवसाय के बारे में उनकी गहरी समझ ने उन्हें फिल्म उद्योग के प्रति और अधिक आकर्षित किया।

उन्होंने आगे बताया कि आज जब मैं एक अभिनेता के रूप में 15 साल पूरे कर रहा हूँ तो मैं आपके साथ एक कहानी साझा करना चाहता हूँ।

# उर्वशी रौतेला और रवि किशन की जेएनयू का ट्रेलर जारी, 21 जून को सिनेमाघरों में देगी दस्तक



बॉलीवुड में अक्सर गंभीर मुद्दों को दिखाती कई फिल्में बन चुकी हैं। इसी कड़ी में निर्देशक विनय शर्मा जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसमें कॉलेज स्टूडेंट्स का वो चेहरा दिखाया जाएगा, जो रोमांस से दूर राजनीति के बारे में क्या सोचता है और क्या करना चाहता है, इस पर फिल्म होगी। फिल्म का नाम जेएनयूरू जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी है। फिल्म का ट्रेलर जारी हो गया, जिसे सोशल मीडिया पर खूब तारीफें मिल रही है।

उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, रवि किशन, सिद्धार्थ बोडके, विजय राज, रश्मि देसाई, अतुल पांडे और शिवज्योति राजपूत जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों से सजी जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी सेंसर बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद 21 जून, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर के बाद आखिरकार जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। विवादित कहानी वाली इस फिल्म ने अपने ट्रेलर की वजह से और भी चर्चा बटोरी है। यह ट्रेलर दर्शाता है कि कॉलेज कैंपस में मार्क्सवादी विचारधारा किस तरह हावी है।

ये लेफ्ट यूनिट वालों ने पूरे कैंपस को जात–पात में बांट दिया है। ट्रेलर में इस तरह के डायलॉग इसे और भी प्रभावी बनाते हैं। अब हम लोग बोलेंगे भी और लड़ेंगे भी। इस तरह के डायलॉग से भरे ट्रेलर ने फिल्म की एक झलक दिखा दी है। यूनिवर्सिटी कैंपस की राजनीति कहां से जुड़ी है, ये इस एक लाइन से पता चलता है यहां से सीधे संसद में... गोधरा के लोग पीएम बनने का सपना देख रहे हैं और अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं, इस तरह के विवादित डायलॉग फिल्म के ट्रेलर को और दिलतस्प बना रहे हैं।

क्या एक यूनिवर्सिटी पूरे देश को हिला सकती है? ट्रेलर का सार यही है। यह पहली बार नहीं है, फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी के पोस्टर्स ने भी मीडिया में खूब सुर्खियां बटोरी हैं और अब ट्रेलर भी ध्यान खींच रहा है। जेएनयू के ट्रेलर में फिल्म की कहानी की एक झलक पेश की गई, जिसमें विरोध प्रदर्शन के दृश्य, आपराधि ाक साजिश के आरोप, राजद्रोह के आरोप और आतंकवाद समर्थक भावनाओं का चित्रण दिखाया गया। यह एक ऐसे विचार को दिखाता है, जो जेएनयू की आंतरिक कार्यप्रणाली में गहराई से उतरता है, जहां दो पार्टी के नेता सत्ता के लिए निरंतर संघर्ष में लगे रहते हैं और वैचारिक झगड़े और राजनीतिक पैंतरेबाजी को बढ़ावा देते हैं।

फिल्म के कलाकारों में उर्वशी रौतेला, सिद्धार्थ बोडके, रवि किशन, पीयूष मिश्रा, विजय राज, रश्मि देसाई, सोनाली सहगल और कई अन्य नाम शामिल हैं। दर्शक भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# नौकरी व मॉडलिंग भी कर चुकी हैं तापसी पन्नू

C,लीवुड और ओटीटी दोनों ही जगह अपनी एक्टिंग का परचम लहरा रहीं इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस तापसी पन्नू काफी समय से अपनी धाक जमाए हुए हैं। अपने करियर में वह कई हिट फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। अब एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि वह सनी देओल संग काम कर चुकीं एक हीरोइन की वजह से एक्ट्रेस बनी हैं।

एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले तापसी नौकरी किया करती थीं, इसी दौरान ही उन्हें मॉडलिंग करने का चांस मिला। साल 2008 में एक टैलेंट शो में एक्टिंग का हुनर दिखाने का भी मौका मिला। इसके बाद तापसी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस दौरान कई टीवी और प्रिंट ऐड में अपना टैलेंट को आजमाया है। इन दिनों ओटीटी पर भी उनका जलवा देखने को मिल रहा है। तापसी पन्नू ने बेहद कम उम्र में ही एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। हिन्दी के अलावा तमिल और तेलुगु फिल्मों में भी अपना परचम लहराया है। अपने करियर में वह हर बड़े स्टार के साथ काम कर चुकी हैं। अब वह ओटीटी पर भी अपना जलवा दिखा रही हैं। क्रिकेटर शिखर धवन के टॉक शो 'धवन करेंगे' में हाल ही में तापसी पन्नू शामिल हुई हैं, अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को अपना आदर्श मानती हैं। 'मुल्क' फेम एक्ट्रेस ने बताया, "मुझे सबसे पहले बॉलीवुड में इसलिए लाया गया क्योंकि मेरी शक्ल प्रीति जिंटा से मिलती–जुलती है। उनमें बहुत अच्छी ऊर्जा है और आप यह अच्छी तरह जानते हैं।' ¼fgQh½



# दीपिका पादुकोण हैं सबसे महंगी एक्ट्रेस



eल एक्टर्स की तुलना में फीमेल स्टार्स की फीस में अभी भी काफी अंतर है, फिर भी वे एक रोल के लिए काफी मोटी फीस बटोर रही हैं। लेडी सुपरस्टार नयनतारा ने फिल्म जवान के लिए भारी फीस चार्ज की थी, जिसके बाद उन्हें इंडिया की सबसे महंगी एक्ट्रेस होने का तमगा मिला था, लेकिन साल 2024 की सबसे महंगी एक्ट्रेस की सूची में कोई भी साउथ एक्ट्रेस नहीं हैं फोर्ब्स ने आईएमडीबी के साथ मिलकर एक लिस्ट जारी की है, जिसमें भारत की 2024 की सबसे महंगी एक्ट्रेस का खिताब दीपिका पादुकोण को मिला है। वे एक फिल्म के लिए 15 करोड़ से 30 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। दूसरे पायदान पर हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद बनी एक्ट्रेस कंगना रनौत हैं। कंगना एक फिल्म के लिए 15 करोड़ रुपये से 27 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं, जबकि प्रियंका चोपड़ा को तीसरा स्थान मिला है। प्रियंका एक फिल्म के 15 करोड़ से 25 करोड़ रुपये फीस ले रही हैं। महंगी एक्ट्रेस की लिस्ट में कैटरीना कैफ को चौथा स्थान मिला है। वे प्रति फिल्म 15 करोड़ से 25 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं, जबकि आलिया भट्ट पांचवे स्थान पर हैं। वे 10 से 20 करोड़ रुपये एक फिल्म के ले रही हैं। करीना कपूर खान को भी लिस्ट में जगह मिली है। वे 8 से 18 करोड़ रुपये एक फिल्म के चार्ज कर रही हैं। श्रद्धा कपूर 7 करोड़ से 15 करोड़ रुपये ले रही हैं। विद्या बालन एक फिल्म से 8 करोड़ से 14 करोड़ रुपये कमा रही हैं। 2024 की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में सबसे नीचे अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय का नाम है। चकदा एक्सप्रेस की एक्ट्रेस 8 से 12 करोड़ एक फिल्म के ले रही हैं, जबकि बच्चन परिवार की बहू ऐश्वर्या प्रति फिल्म 10 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। दीपिका पादुकोण अगली बार कल्कि 2898 एडी में प्रभास और अमिताभ बच्चन के अपोजिट नजर आएंगी। ¼fgQh½

# थाई स्लिट ड्रेस पहन अवनीत कौर ने लगाया हाटनेस का ओवरडोज तड़का, हर अदाओं से लूटी महफिल

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी बोल्ड तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कर अक्सर इंटरनेट पर सनसनी मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने कान्स फिल्म फेस्टिवल इवेंट की कुछ बेहद ही स्टनिंग फोटोज फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी दमदरा एक्टिंग और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस से फैंस को इस कदर इंप्रेस किया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।

हाल हील में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने कान्स फिल्म फेस्टिवल की कुछ बेहद ही ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं, जिसमें वो अपनी कातिल अदाओं से फैंस के बीच कहर बरपा रही हैं।अवनीत कौर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है अमेजिंग। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– टू हॉट टू हेंडल, फिर तीसरे यूजर ने लिखा है– स्टनिंग।बता दें कि एक्ट्रेस अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा तगड़ी है।एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। साथ ही फैंस उनके लुक्स की लोग तारीफ करते हुए भी नहीं थकते हैं।अवनीत कौर अपने हर एक लुक को लेकर चर्चा में आ जाती हैं। उनका स्टनिंग अवतार अक्सर फैंस के बीच कहर ढाता है। हालांकि फैंस भी उनके स्टाइल को काफी ज्यादा फॉलो करते हैं।

सिन्धु टाइम्स (हिन्दी दैनिक), स्वामी,प्रकाशक / मुद्रक–इमरान हसन सिद्दीकी द्वारा सीता ऑफसेट, 75 पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ। से मुद्रित कराकर 126 / 21 / 1, बी0एन0रोड, निकट इस्लामिया कालेज, लालबाग लखनऊ (उ0प्र0)–226021 से प्रकाशित। सम्पादक इमरान हसन सिद्दीकी R.N.I.NO.UPHIN/2010/39063,MOB.-9935403111, E-Mail:sindhutimes99@gmail.com फोन– 0522–4029211 (नोट–किसी भी वाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)